R.N.I.NO UPHIN/2010/39063

## तमंचा कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

रायबरेली ।शहर कोतवाली पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद किया ।अवैध शस्त्र, वांछित अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहन की तलाश व चेकिंग अभियान के अंतर्गत शहर कोतवाल राजेश सिंह को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति तमंचा के साथ मौजूद है । वह किसी संगीन वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। घेराबंदी कर पुलिस टीम वहां पहुंची तो उस व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया लेकिन पकड़ा गया।

हिन्दी दैनिक

# सिन्धु टाइम्स

सिन्ध सदियों से हमारे देश की पहचान है, यह नदी गुज़रे जहां से समझो हिन्दुस्तान है।

वर्ष : 14 अंक : 254 | लखनऊ शुक्रवार,28 जून 2024 | पृष्ठ : 8 | मूल्य – 2 रुपये



3 अयोध्या में भाजपा की हार का.... | 6 डाक विभाग के इण्डिया पोस्ट.... | काली साड़ी पहन एक्ट्रेस श्रिया.... 8

# अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी के एक्सेस को बढ़ाने के लिए 75 मीटर का इंटरलिंक लेन बनाएगी यमुना अथररिटी

***गुरुवार को फिल्म सिटी का निर्माण करने वाली बोनी कपूर और आशीष भूटानी की कंपनी बेब्यू प्रोजेक्ट एलएलपी और यीडा के बीच कंसेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया गया। कंसेशन एग्रीमेंट प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुणवीर सिंह और बोनी कपूर के बीच हस्ताक्षरित हुआ। इस दौरान अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रुति एवं आशीष भूटानी भी उपस्थित रहे।***



लखनऊ 27 जून (एजेंसी) सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी आकार ले रहा है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के तहत नोएडा के सेक्टर 21 में बनने वाली यह फिल्म सिटी 8 वर्षों में पूरी तरह बनकर तैयार होगी, जबकि पहले चरण में तीन साल के अंदर यहां फिल्मों से संबंधित फैसिलिटीज और फिल्म इंस्टीट्यूट बनकर तैयार हो जाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर 1510 करोड़ रुपए का खर्च किया जाएगा। गुरुवार को फिल्म सिटी का निर्माण करने वाली बोनी कपूर और आशीष भूटानी की कंपनी बेब्यू प्रोजेक्ट एलएलपी और यीडा के बीच कंसेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया गया। कंसेशन एग्रीमेंट प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुणवीर सिंह और बोनी कपूर के बीच हस्ताक्षरित हुआ। इस दौरान अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रुति एवं आशीष भूटानी भी उपस्थित रहे।

1095 दिनों में फिल्म फैसिलिटीज की होगी शुरुआत

यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि फिल्म सिटी के पूरे प्रोजेक्ट को 8 वर्ष या 2920 दिन में पूरा किया जाएगा। वहीं फिल्म फैसिलिटीज और फिल्म इंस्टीट्यूट के लिए 3 वर्ष या 1095 दिनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर कुल 1510 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। पहले दो साल में फिल्म सिटी के निर्माण में 50 करोड़ रुपए खर्च होंगे तो तीसरे वर्ष 75 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं चौथे से 8वें साल के बीच इस पर 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्टूडियो बैकलॉट्स और ओपेन सेट्स समेत फिल्मिंग कंपोनेंट्स पर 832.91 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जबकि हॉस्पिटैलिटी पर 373.93 करोड़ रुपए, सर्विस एकमोडेशन पर 315.07 करोड़ रुपए, ऑफिस पर 109.60 करोड़ रुपए और इंफ्रास्ट्रक्चर पर 76.44 करोड़ रुपए खर्च होंगे। 156 एकड़ में निर्मित होंगे फिल्मी कंपोनेंट्स भूमि की बात करें तो कुल 230 एकड़ क्षेत्र में फिल्म सिटी का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 135 एकड़ क्षेत्र में फिल्मिंग फैसिलिटी विकसित की जाएंगी। वहीं 21 एकड़ क्षेत्र में फिल्म इंस्टीट्यूट बनेगा। इस तरह कुल 156 एकड़ में फिल्मिंग कंपोनेंट्स को विकसित किया जाएगा। वहीं शेष 75 एकड़ में कॉमर्शियल कंपोनेंट्स स्थापित किए जाएंगे। इनमें सर्विस एकमोडेशन 57 एकड़ में, हॉस्पिटैलिटी–डॉर्मिटरीज 2.37 एकड़ में, हॉस्पिटैलिटी–अपस्केल 5.15 एकड़ में, हॉस्पिटैलिटी अपर अपस्केल में 3.60 एकड़ में, एफएंडबी फोकस्ड रिटेल डेवलपमेंट 5.15 एकड़ में और कॉमर्शियल ऑफिस 2.37 एकड़ में निर्मित होगा। वर्ल्ड क्लास फिल्म सिटी बनाने का वादा साइनिंग सेरेमनी के दौरान मशहूर फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने कहा कि ये जो फिल्म सिटी का कार्य हो रहा है हमारी तैयारी इसकी साइनिंग से पहले ही शुरू हो चुकी है। हाल ही में मैं लंदन और एलए गया और वहां काफी स्टूडियोज का अवलोकन किया। जो नए स्टूडियोज बने हैं वहां किस तरह की नई टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है इसका भी जायजा लिया। यूपी में बन रही यह अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी पूरी तरह वर्ल्ड क्लास होगी। वहीं यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने कहा कि फिल्म सिटी की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए हम इसके एक्सेस का पूरा ध्यान रख रहे हैं। फिल्म सिटी में बड़े–बड़े सेट लगाने के लिए बड़ी गाड़ियों का आवागम होगा, इसको देखते हुए यमुना अथॉरिटी ने 75 मीटर इंटरलिंक लेन बनाने का निर्णय लिया है। इसकी प्लानिंग हमने कर ली है, इसका सारा व्यय प्राधिकरण ही करेगा। यमुना प्राधिकरण का स्वभाव है कि वो अपने निवेशकों को नहीं मांगने पर भी उनकी सुविधा के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करता है।

# 8 जुलाई को मोदी ऐसा क्या करने वाले हैं? अमेरिका हैरान, चीन परेशान

***यूक्रेन युद्ध बढ़ना तय है और फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमला करने के बाद यह मोदी की रूस की पहली यात्रा होगी। मास्को और पश्चिम के साथ संबंधों पर भारत की स्मार्ट डिप्लोमेसी को देखते हुए भी इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है।***



नई दिल्ली 27 जून (एजेंसी)नई दिल्ली और मॉस्को 8–9 जुलाई को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा की संभावना तलाश रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि संभावित यात्रा के लिए तैयारियां चल रही हैं, लेकिन यात्रा के बारे में किसी भी पक्ष की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। यूक्रेन युद्ध बढ़ना तय है और फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमला करने के बाद यह मोदी की रूस की पहली यात्रा होगी। मास्को और पश्चिम के साथ संबंधों पर भारत की स्मार्ट डिप्लोमेसी को देखते हुए भी इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मोदी ने आखिरी बार 2019 में रूस का दौरा किया था, जब वह 20वें भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए व्लादिवोस्तोक गए थेरूसी राष्ट्रपति के सहायक यूरी उशाकोव ने कहा कि मोदी के रूस दौरे को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। हम अभी तारीख नहीं बता सकते हैं।श हालांकि, भारत की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। अगर यह दौरा होता है तो पांच वर्षों में भारतीय पीएम का यह पहला रूस दौरा होगा। उधर, मोदी ने कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम जोमार्ट तोकायेव से बात की। दोनों ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

यूक्रेन–रूस जंग और भारत

कीव और मॉस्के के बीच दो सालों से चल रही जंग के बीच नई दिल्ली ने रूस और यूक्रेन के बीच एक राजनयिक संतुलन बनाए रखा है। हालाँकि इसने स्पष्ट रूप से रूसी आक्रमण की निंदा नहीं की है, लेकिन इसने बुचा नरसंहार की अंतरराष्ट्रीय जाँच का आह्वान किया है और रूसी नेताओं द्वारा जारी परमाणु खतरों पर चिंता व्यक्त की है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत ने न्यूट्रल रूख अपनाया और कई प्रस्तावों में रूस के खिलाफ मतदान से परहेज किया है।

10 टेलीफोन पर हुई बातचीत

भारतीय और रूसी नेताओं के बीच 2000 से चल रहे वार्षिक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन की तर्ज पर एक स्टैंडअलोन यात्रा होगी। अब तक, भारत और रूस में वैकल्पिक रूप से 21 वार्षिक शिखर सम्मेलन हो चुके हैं।21वां शिखर सम्मेलन दिसंबर 2021 में नई दिल्ली में था। तब से, मोदी और पुतिन ने द्विपक्षीय सहयोग पर प्रगति की समीक्षा करने और पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों के आदान–प्रदान के लिए कम से कम 10 टेलीफोन वार्तालापों के माध्यम से नियमित संपर्क बनाए रखा है।

# अरविन्द केजरीवाल झुकेंगे नहीं: पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बृहस्पतिवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर चाहे जितने भी अत्याचार किए जाएं वह झुकेंगे नहीं। मान का यह बयान दिल्ली के मुख्यमंत्री को कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद आया है।पंजाब के मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में केजरीवाल की तस्वीर भी साझा की है। उन्होंने कहा, ये तस्वीर तानाशाही के खिलाफ संघर्ष की है। अरविंद केजरीवाल झुकेंगे नहीं जितना मर्जी अत्याचार आप करें। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अदालत से जमानत के बाद भाजपा के इशारे पर सीबीआई की गिरफ्तारी सीबीआई का खुला दुरुपयोग है। केजरीवाल को बुधवार को गिरफ्तार किए जाने के बाद दिल्ली की एक अदालत ने जांच एजेंसी की ओर से दायर अर्जी पर दलीलें सुनने के बाद उन्हें तीन दिन की सीबीआई की हिरासत में भेज दिया गया।सुनवाई के दौरान आप नेता ने खुद के बेकसूर बताया था। आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोप लगाया कि भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के इशारे पर केंद्रीय जांच एजेंसियां पार्टी के नेताओं के खिलाफ शत्रुता और राजनीतिक द्वेष की भावना से काम कर रही हैं।

# नीट-यूजी को लेकर प्रदर्शन कर रहे जेएनयू विधार्थियों को हिरासत में लिया गया

***क्रांतिकारी युवा संगठन सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े दर्जनों विधार्थियों ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। विधार्थियों ने हाथों में पोस्टर और तख्तियां ले रखी थीं, जिन पर धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो और एनटीए खत्म करो जैसे नारे लिखे हुए थे।***



नई दिल्ली 27 जून (एजेंसी) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ ने अन्य संगठनों के साथ मिलकर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)–स्नातक में कथित गड़बड़ी के खिलाफ बुधवार को जंतर–मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान एक दर्जन से अधिक विद्यार्थियों को हिरासत में ले लिया गया।पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विद्यार्थियों ने चिकित्सा प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को खत्म करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की।वाम समर्थित आइसा और दिल्ली विश्वविद्यालय के क्रांतिकारी युवा संगठन सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े दर्जनों विद्यार्थियों ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने हाथों में पोस्टर और तख्तियां ले रखी थीं, जिन पर धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो और एनटीए खत्म करो जैसे नारे लिखे हुए थे।प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों ने नीट–स्नातक को फिर से कराने और परीक्षाओं के केंद्रीकरण को समाप्त करने की भी मांग की। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारी पूरी रात विरोध प्रदर्शन जारी रखने की योजना बना रहे थे, इसलिए उन्हें हिरासत में ले लिया गया।हालांकि अदालत के आदेश के अनुसार, शाम पांच बजे के बाद जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं है। अधिकारी ने कहा, प्रदर्शनकारियों ने पूरी रात अपना प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रदर्शन स्थल पर तंबू लगाना शुरू कर दिया। हमें उन्हें हिरासत में लेना पड़ा क्योंकि शाम पांच बजे के बाद वहां (जंतर मंतर पर) बैठने की अनुमति नहीं है।

# बंगाल में हाकरों को अतिक्रमण हटाने के लिए एक महीने का समय



बंगाल 27 जून (एजेंसी) पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य भर में फुटपाथों से फेरीवालों को हटाने और सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण को लेकर गुरुवार को एक आपात बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्यमंत्री बनर्जी ने फेरीवालों को फुटपाथ और सड़क के उन हिस्सों को खाली करने के लिए एक महीने का नोटिस जारी किया, जिन पर उन्होंने अतिक्रमण किया है। उन्होंने फेरीवालों के अतिक्रमण के इस मुद्दे पर एक सर्वेक्षण करने और 15 दिनों के भीतर अपने कार्यालय को एक रिपोर्ट सौंपने के लिए एक समिति का गठन किया।

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि मुझे किसी की आय का स्रोत छीनने या किसी को बेरोजगार करने का कोई अधिकार नहीं है। लाखों लोग फेरी लगाकर अपना परिवार चलाते हैं। एक महीने तक कोई बेदखली नहीं होगी। इस अवधि के दौरान, फेरीवालों को फुटपाथ खाली करना होगा। उन्होंने फुटपाथों और सड़कों के अतिक्रमण में कथित संलिप्तता को लेकर राजनीतिक नेताओं और पुलिस अधिकारियों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर कथित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।अगर पूरी सड़क पर अतिक्रमण है तो इसके लिए हमारे पार्षद भी जिम्मेदार हैं। उन्हें लगता है कि उन्हें मासिक चंदा मिल रहा है। इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती. उनके पास जो कुछ है उससे वे संतुष्ट क्यों नहीं हैं? पुलिस और नेताओं का लालच बढ़ गया है। वे फेरीवालों को अनुमति देते हैं और फिर उन्हें बुलडोजर से हटा देते हैं। मैं इसे शुरुआत में ही रोकने की नीति अपनाता हूं। बनर्जी ने कहा कि हम फेरीवालों को दोष क्यों दें? यह हमारी गलती है। हम न्यू मार्केट क्षेत्र में एक इमारत क्यों नहीं बना रहे हैं? फेरीवालों को वहां स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

# महाराष्ट्र में लाडली बहना और लाडला भाई योजना लागू की जाए, उद्धव ठाकरे ने दिया सुझाव

**महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन शिवसेना (एकनाथ शिंदे), राकांपा (अजित पवार) और भाजपा शामिल हैं। इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए इस योजना को शुरू करने की योजना बना रहे हैं।**



नई दिल्ली 27 जून (एजेंसी) शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को राज्य में लाडली बहना जैसी योजना लागू करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले का समर्थन किया और पुरुषों के लिए भी इसी तरह की नीति की मांग की। उद्धव ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि चूंकि सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं शुरू करने की योजना बना रही है, जिनमें से एक मध्य प्रदेश की तरह लाडली बहना योजना है, मैं इसका स्वागत करता हूं और पूछता हूं कि इस योजना को लड़कों के लिए भी बढ़ाया जाए। भेदभाव क्यों? लड़कियों और लड़कों दोनों को इसका लाभ मिलना चाहिए।महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन शिवसेना (एकनाथ शिंदे), राकांपा (अजित पवार) और भाजपा शामिल हैं। इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए इस योजना को शुरू करने की योजना बना रहे हैं। पिछले साल मध्य प्रदेश चुनाव में बीजेपी की सत्ता में वापसी के पीछे लाडली बहना योजना को माना जाता है। योजना के तहत महिलाओं को मासिक आधार पर 1,200 रुपये से 1,500 रुपये मिलने की उम्मीद है। उम्मीद है कि एकनाथ शिंदे शुक्रवार (28 जून) को पेश होने वाले राज्य बजट में इस योजना की घोषणा करेंगे। उद्धव ठाकरे ने राज्य विधानसभा चुनाव से पहले कृषि ऋण की पूर्ण माफी और इसे लागू करने की भी मांग की।ठाकरे ने कहा कि कृषि ऋण की पूर्ण माफी तुरंत होनी चाहिए और इसे राज्य चुनाव से पहले लागू किया जाना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने एनईईटी विफलता और अयोध्या राम मंदिर में पानी रिसाव की रिपोर्टों का संदर्भ देते हुए केंद्र और राज्य सरकार को लीकेज सरकारें भी कहा। उन्होंने कहा कि (महाराष्ट्र विधानसभा का) मानसून सत्र आज से शुरू हो रहा है लेकिन लोग इस सरकार को श्टाटा, बाय–बायश कह रहे हैं। इस सरकार द्वारा कल बजट की घोषणा की जाएगी। हम उनसे उम्मीद करते हैं ।

# हम आशा करते हैं उपराज्यपाल कमीशन का उसके उद्देश्य के अनुरूप विशेषज्ञ के साथ पुनर्गठन करेंगे - वीरेन्द्र सचदेव

***वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की यह खेदपूर्ण है की अरविंद केजरीवाल सरकार ने विकास कार्यों के माध्यम बनने योग्य दिल्ली डायलश्वग डेवलपमेंट कमीशन का राजनीतिक साथियों के आर्थिक उत्थान के लिए दुरुपयोग किया और एक अच्छे लिखित उद्देश्यों से बनाये गये कमीशन को उसके संस्थापन से ही विवादों में फंसा डाला।***



नई दिल्ली 27 जून (एजेंसी) दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा दिल्ली डायलॉग डेवलपमेंट कमीशन को अस्थाई रूप से भंग किये जाने का स्वागत किया है।वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की यह खेदपूर्ण है की अरविंद केजरीवाल सरकार ने विकास कार्यों के माध्यम बनने योग्य दिल्ली डायलॉग डेवलपमेंट कमीशन का राजनीतिक साथियों के आर्थिक उत्थान के लिए दुरुपयोग किया और एक अच्छे लिखित उद्देश्यों से बनाये गये कमीशन को उसके संस्थापन से ही विवादों में फंसा डाला।वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की अरविंद केजरीवाल सरकार के द्वारा दिल्ली के विकास में एवं प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार लाने के उद्देश्य से दिल्ली डायलॉग डेवलपमेंट कमीशन के स्थापना की घोषणा की थी और इसमे अपने अपने कार्य क्षेत्र के विशेषज्ञों की नियुक्ति की जानी थी पर अरविंद केजरीवाल सरकार द्वारा डायलॉग कमीशन को आम आदमी पार्टी के राजनीतिक कार्यकर्ताओं के स्थाई स्थाई करने का माध्यम डाला।

कमीशन के पहले अध्यक्ष आशीष खेतान की तरह ही दूसरे अध्यक्ष जैस्मीन शाह भी विवादों में घिरे रहे।यह कहना अतिशयोक्तिपूर्ण ना होगा की केजरीवाल ने विशेषज्ञों के नाम पर अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को नियुक्त करने का खेल किया और उसी के उदाहरण हैं आशीष खेतान एवं जैस्मीन शाह। इसी तरह आज बर्खास्त तीन सदस्यों को गत 3 वर्ष में बिना किसी विशेष योग्यता के करोड़ों रुपये वेतन के साथ भत्ते भी बांट दिए गये। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दिल्लीवाले आशा करते हैं की उपराज्यपाल दिल्ली डायलॉग डेवलपमेंट कमीशन का उसके उद्देश्य के अनुरूप विशेषज्ञ के साथ शीघ्र पुनर्गठन करेंगे।

# आने वाला समय हरित युग, सरकार इसके लिए हर जरूरी कदम उठा रही : राष्ट्रपति मुर्मू



नई दिल्ली 27 जून (एजेंसी) आने वाले समय को हरित युग बताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को संसद में अपने अभिभाषण में कहा कि इसके लिए उनकी सरकार हर जरूरी कदम उठा रही है। राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रही थीं।उन्होंने कहा, "आने वाला समय हरित युग का है। मेरी सरकार इसके लिए हर जरूरी कदम उठा रही है।" राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार हरित उद्योगों पर निवेश बढ़ा रही है। उन्होंने कहा, "हरित ऊर्जा हो या फिर हरित मोबिलिटी, हम हर मोर्चे पर बड़े लक्ष्यों के साथ काम कर रहे हैं।"उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अपने शहरों को रहने के लिहाज से बेहतरीन स्थान बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध है और प्रदूषण से मुक्त, साफ–सुथरे और सुविधायुक्त शहरों में रहना देश के नागरिकों का हक है।" मुर्मू ने कहा कि पिछले 10 साल में, विशेष रूप से छोटे शहरों और कस्बों में अभूतपूर्व निवेश किया गया है।

# उ0प्र0 में स्थित बौध पर्यटन स्थलों को विश्व मानचित्र पर प्रस्तुत करने के लिए कल नई दिल्ली में बौद्ध कानक्लेव का आयोजन

## केन्द्रीय पर्यटन मंत्री के अलावा कई देशों के उच्चायुक्तएवं प्रदेश के उच्चाधिकारी होंगे शामिल



लखनऊ(संवाददाता) । उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से बोधि यात्रा का आयोजन कल 28 जून, 2024 को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के होटल अशोका में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तथा मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, उ0प्र0 विभिन्न देशों के राजदूत, उच्चायुक्त एवं उच्चायोग के अधिकारियों के साथ–साथ कई विभागों के सचिव और मुख्य सचिव की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। प्रतिष्ठित ट्रैवेल राईटर, ब्लॉगर और भारतीय व अन्तर्राष्ट्रीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ के प्रतिनिधि भी आमंत्रित किये गये हैं।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि बोधि यात्रा उत्तर प्रदेश के बोध धर्म से जुड़े स्थलों की मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग के लिए रखी गयी है। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करना हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध और बौद्ध धर्म से जुड़े कई प्रमुख तीर्थ स्थल हैं। उन्होंने ने कहा कि यूपी प्रारंभिक बौद्ध धर्म का केंद्र रहा है। यहीं से यह धर्म दुनिया के बाकी हिस्सों में फैला। बौद्ध धर्म को मानने वाले श्रद्धालु पर्यटक प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में देश–दुनिया से उत्तर प्रदेश आते हैं।जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में बौद्ध विरासत स्थलों, पर्यटन आकर्षण, पारंपरिक कला व शिल्प और संस्कृति एवं पर्यटन क्षेत्र में एफ०डी०आई० को बढ़ावा देने के लिए निवेश के अवसर तथा उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति–2022 के लाभों और सब्सिडी के विवरण के विषय में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा। संवाद सत्र में उत्तर प्रदेश के बौद्ध विरासत स्थलों की ऐतिहासिकता व सांस्कृतिक महत्व को पर्यटन की दृष्टि से बढावा देने एवं विदेशी पर्यटकों के आगमन को बढ़ाने हेतु मंथन होगा।पर्यटन मंत्री ने बताया कि नई दिल्ली के होटल अशोका में आयोजित बोधि यात्रा के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। भगवान बुद्ध की असाधारण यात्रा विषय पर कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह भेंट किए जाने के उपरांत रात्रिभोज के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। बोधि यात्रा का उद्देश्य विशाल पर्यटन संभावनाओं एवं बौद्ध विरासतों से परिपूर्ण उत्तर प्रदेश में विदेशी पर्यटकों के आगमन को बढ़ाना है।

प्रदेश सरकार इसके लिए कई तरह की योजनाओं और अन्य विभागों के सहयोग से आगे बढ़ रही है। हाल में कई एमओयू साइन हुए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम आने वाले समय में नजर आएंगे। सरकार की ओर से वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें पर्यटन की सशक्त भागीदारी रहेगी।

# भाजपा सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त -अखिलेश यादव



लखनऊ(संवाददाता) । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में सात साल के भाजपा सरकार में कानून का राज जैसा कुछ भी नहीं रह गया है। मुख्यमंत्री पुलिस बल को आधुनिक बनाने का दावा भले पेश करे पर हकीकत में यह दिखावे से अधिक कुछ नहीं। जिस भाजपा सरकार ने समाजवादी सरकार के समय अत्याधुनिक पुलिस रिस्पांस सिस्टम को बदले की भावना से ध्वस्त कर दिया उससे पुलिस बल को तकनीकी रूप से स्मार्ट, दक्ष एवं सक्षम बनाने की क्या उम्मीद की जा सकती है? मुख्यमंत्री जी का अपराध नियंत्रण का दावा झूठा साबित हो चुका है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अपराधी बेलगाम है। दिनदहाड़े गोलियां चल रही है। हत्याएं हो रही है। अराजकता चरम पर है। भाजपा सरकार कानून व्यवस्था सम्हालने में विफल है। भाजपा के कार्यकर्ता और नेता अराजकता पर उतारू है। पिछले दिनों बरेली में दो पक्षों के बीच खुलेआम गोलियां तड़तड़ायी। भाजपा सरकार के अन्याय, अत्याचार से जनता त्रस्त है। लोगों में आक्रोश है। कहा कि लोकसभा चुनाव में हार के बाद भाजपा जनता से बदला लेने पर उतारू है। सरकार का पुलिस पर नियंत्रण नहीं है। फिरोजाबाद में पुलिस हिरासत में एक व्यक्ति की मौत के बाद जनाक्रोश सड़कों पर आ गया। हालात बेकाबू हो गये। पुलिस–प्रशासन पूरी तरह पंगु दिखाई दिया। मथुरा में छाता के पूर्व चेयरमैन के भाई की गोलीमार कर हत्या कर दी गयी। जरीफनगर में बदमाशों ने पांच वर्षीय मासूम का अपहरण कर लिया। भाजपा सरकार में पुलिस का इकबाल खत्म हो चुका है।अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में कानून व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए पुलिस का आधुनिकीकरण किया गया। पुलिस को नई तकनीकी से लैस किया। न्यूयार्क पुलिस की तर्ज पर डायल 100 सेवा शुरू की। पुलिस विभाग को हजारों की संख्या में आधुनिक गाड़ियां दी थी। पुलिस जनता की रक्षक के बजाय भक्षक बन गयी है। निर्दोषों को प्रताड़ित किया जा रहा है। थाने में मौते हो रही है। अपराधी और भाजपाई कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

# हाईटिक नर्सरी से किसानों को सस्ते दामों में उच्च क्वालिटी के मिलेंगे पेड़-पौधे

लखनऊ(संवाददाता) रू उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में किसानो को विभिन्न प्रजातियों के उच्च क्वालिटी के पौधे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इजरायली तकनीक पर आधारित हाइटेक नर्सरी तैयार की जा रही है। यह कार्य मनरेगा अभिसरण के तहत उद्यान विभाग के सहयोग से कराया जा रहा है और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियां भी इसमें हांथ बंटा रही है। इससे स्वयं सहायता समूहों को काम मिल रहा है।उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि इस योजना के क्रियान्वयन से कृषि और औद्यानिक फसलों को नई ऊंचाई मिलेगी। विशेष तकनीक का प्रयोग करके ये नर्सरी तैयार की जा रहीं हैं। सरकार की मंशा है कि प्रदेश का हर किसान समृद्ध बने और बदलते समय के साथ किसान हाईटेक भी बने।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि सरकार पौधरोपण को बढ़ावा देने के साथ बागबानी से जुड़े किसानों को भी आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का काम कर रही है। मनरेगा योजना से 150 हाईटेक नर्सरी बनाने के लक्ष्य के साथ तेजी से कार्य किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री के निर्देश व पहल पर ग्राम्य विकास विभाग ने इसको लेकर प्रस्ताव तैयार किया था,जिसको लेकर



जमीनी स्तर पर युद्धस्तर पर कार्य हो रहा है। हाईटेक नर्सरी से किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो रही है। प्रदेश भर में 150 हाईटेक नर्सरी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। 125 साइटों के सापेक्ष 67 साइटों पर हाईटेक नर्सरी बनाने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, जिसमें से 38 हाईटेक नर्सरी पर कार्य पूर्ण किया गया है। नर्सरी की देख–रेख करने के लिए स्वयं सहायता समूह को जिम्मेदारी दी गई है। समूह के सदस्य नर्सरी का काम देखते हैं जो पौधों की सिंचाई, रोग, खाद–बीज आदि का जिम्मा संभालते हैं। इसके लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है । सरकार उच्च क्वालिटी व उन्नत किस्म के पौधों की नर्सरी को बढ़ावा देने के लिए तेजी से काम कर रही है। प्रत्येक जनपद में पौधशालाएं बनाने का कार्य किया जा रहा है। इनमें किसानों को फूल और फल के साथ सर्पगंधा, अश्रवगंधा, ब्राह्मी, कालमेघ, कौंच,सतावरी, तुलसी, एलोवेरा जैसे औषधीय पौधों को रोपने के लिए जागरूक किया जा रहा है। किसानों को कम लागत से अधिक फायदा दिलाने के लिए पौधरोपण की नई तकनीक से जोड़ा जा रहा है। ग्राम्य विकास आयुक्त जी.एस. प्रियदर्शी ने बताया कि प्रदेश में 150 हाईटेक नर्सरी के निर्माण की कार्यवाही निरंतर की जा रही है, जिसके सापेक्ष 126 हाईटेक नर्सरी की स्वीकृति जनपद स्तर पर की जा चुकी है। अब तक 67 साइटों पर कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, जिसमें से 38 हाईटेक नर्सरी पर कार्य पूर्ण किया गया है। पूर्ण 38 हाईटेक नर्सरी में से 11 साइट पर सिडलिंग प्रोडक्शन का कार्य प्रारम्भ, है व 19 साइटों पर ट्रायल रन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है एवं 8 ट्रायल रन पूर्ण किया जा चुका है।

# अब आधार की तर्ज पर बनेगा किसान कार्ड

## किसान सम्मान निधि समेत अनेक योजनाओं के लाभ के लिए कार्ड जरूरी




लखनऊसंवाददाता। देश में आधार की तर्ज पर ही किसान कार्ड बनाया जाएगा। एक जुलाई से पूरे प्रदेश में किसान रजिस्ट्री की शुरूआत की जा रही है। इसमें किसान का आधार नंबर, खेत का रकबा, खसरा नंबर आदि का विवरण दर्ज किया जाएगा। इसके बाद एक किसान नंबर जारी होगा। इस नंबर के जरिए संबंधित किसान का पूरा विवरण देखा जा सकेगा। रजिस्ट्री का कार्य पूरा होने के बाद किसान कार्ड बनाया जाएगा। रजिस्ट्री से मिलने वाले नंबर के जरिये ही दिसंबर से पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। कृषि विभाग का दावा है कि पूरे प्रदेश में एक साथ किसान रजिस्ट्री शुरू करने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है।केंद्र सरकार की ओर से एग्रीस्टैक कृषि के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा विकसित करने की योजना के तहत किसान रजिस्ट्री शुरू की जा रही है। केंद्र सरकार की ओर से तैयार कराए गए मोबाइल एप पर प्रदेश के हर किसान का पूरा विवरण दर्ज किया जायेगा।एक जुलाई से 31 जुलाई तक हर गांव में शिविर लगेंगे। इसमें दो कर्मचारी रहेंगे। ये गांव में रहकर संबंधित किसान का नाम, पिता का नाम, स्वामित्व वाले सभी गाटा संख्या, सह खातेदार होने की स्थिति में गाटे में किसान का अंश, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, ईकेवाईसी विवरण आदि दर्ज करेंगे। किसी प्रकार के स्वामित्व हस्तांतरण विरासत, बैनामा आदि होने पर किसान रजिस्ट्री में बदलाव किया जा सकेगा। इसमें किसान के हर गाटे में दो सत्र में बोई जाने वाली फसल का विवरण भी शामिल किया जाएगा।अभी किसान को किसी तरह का ऋण लेने के लिए बार–बार राजस्व रिकॉर्ड देना पड़ता है। किसान रजिस्ट्री होने से उनके नंबर को संबंधित एप पर डालकर उसका पूरा विवरण देखा जा सकेगा। इससे किसान कल्याण की योजनाएं बनाने और उसने क्रियान्वयन में आसानी होगी। लाभार्थियों के सत्यापन, कृषि उत्पाद के विपणन और अन्य वित्तीय मामलों में भी सहूलियत होगी। पीएम किसान सम्मान निधि का भुगतान, फसली ऋण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, आपदा के दौरान किसानों को क्षतिपूर्ति देने के लिए किसानों को चिह्नित करने में आसानी होगी।यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही कहते हैं किकिसान रजिस्ट्री से किसानों को विभिन्न योजनाओं का भरपूर लाभ मिलेगा। धांधली की गुंजाइश नहीं रहेगी। पायलट परियोजना के तहत फर्रुखाबाद में 185634 किसान रजिस्ट्री की गई। अब इसे एक जुलाई से पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है। इसके लिए कृषि विभाग के साथ ही राजस्व, गन्ना, आईटी की टीम लगी है।

# ग्रामीण से ग्रामीण व शहर से शहर क्षेत्र के विद्यालयों में होगा समायोजन

लखनऊसंवाददाता। बेसिक शिक्षा विभाग ने नए सत्र में जिले के अंदर शिक्षकों के समायोजन के विस्तृत दिशा– निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके तहत जहां शिक्षकों की संख्या ज्यादा है, वहां से कम संख्या वाले विद्यालयों में समायोजित किए जाएंगे। इसमें भी ग्रामीण से ग्रामीण और शहर से शहर क्षेत्र के विद्यालयों में ही समायोजन होगा। शिक्षक समायोजन के लिए अधिकतम 25 विद्यालयों का विकल्प दे सकेंगे। विशेष सचिव बेसिक शिक्षा अवधेश कुमार तिवारी के मुताबिक जिल के अदर समायोजन के लिए डीएम की अध्यक्षता वाली समिति होगी। इसमें उपाध्यक्ष सीडीओ, डायट प्राचार्य, वित्त व लेखाधिकारी बेसिक और बीएसए सदस्य होंगे। सत्र 2023– 24 में यू–डायस पोर्टल पर 31 मार्च को उपलब्ध छात्र संख्या के आधार पर आरटीई के नियमों के तहत विद्यालयों की आवश्यकतानसार शिक्षकों का समायोजन किया जाएगा। अधिक शिक्षक वाले विद्यालयों में शिक्षकों की जिले की नियुक्ति की तिथि के आधार पर कनिष्ठ शिक्षक को अधिक मानते हुए उन्हें चिह्नित किया जाएगा। एक ही विषय के दो शिक्षक होने पर कनिष्ठ शिक्षक को अधिक मानते हुए उनका समायोजन किया जाएगा। अधिक आवश्यकता वाले विद्यालयों में खाली पदों की सूची जारी होगी। ऑनलाइन आवेदन पत्रों का सत्यापन जिला स्तरीय समिति करेगी। बाकी प्रक्रिया एनआईसी के माध्यम से की जाएगी। समायोजन की समय सारिणी व अन्य निर्देश दिए गये हैं।

# पैमाइश में लापरवाही में नपेंगे आधा दर्जन एसडीएम

## शासन की समीक्षा में संतोषजनक नहीं मिला कामकाज

लखनऊसंवाददाता। भूमि की पैमाइश में लापरवाही मिलने पर शासन ने आधा दर्जन उप जिलाधिकारियों यानि एसडीएम के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। ये एसडीएम आगरा, गाजीपुर, सुल्तानपुर की तहसीलों में तैनात हैं। सीएम योगी ने राजस्व संहिता की धारा–24 के तहत दायर होने वाले सीमांकन वादों पैमाइश के मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री राजस्व महकमें की व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के मूड में हैं लेकिन राजस्व विभाग खासकर तहसीलों के अहलकारों और अफसरों ने तो जैसे कार्यप्रणाली में तनिक भी बदलाव न करने की कसम खा रखी है।मुख्यमंत्री का जनता दर्शन कार्यक्रम हो या फिर डिप्टी सीएम के आवास पर हर सोमवार को होने वाला जनता दर्शन कार्यक्रम,सबसे ज्यादा भूमि सम्बंधी फरियाद लेकर पहुंचने वालों की तादाद ज्यादा होती है। लखनऊ से अफसरों को ताकीद किया जाता है कि लोगों को बेवजह दूर दराज के जनपदों और गांवों से लखनऊ की दौड़ न लगानी पड़े। जिलों में ही समस्या का निदान कर दिया जाये लेकिन अफसर अनदेखी अनसुनी से बाज नहीं आ रहे हैं।एसडीएम और तहसीलदार बदल जाते हैं लेकिन राजस्व विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों को जमीन की पैमाइश करने की फुर्सत नही मिलती।शासन की समीक्षा में सामने आया कि आगरा की फतेहाबाद, खैरगढ़ व बाह तहसील, गाजीपुर की सदर व सैदपुर और सुल्तानपुर की सदर तहसील में पैमाइश के मामलों का निस्तारण संतोषजनक नहीं है। पांच–पांच साल से मामले लटके हुए हैं।इसके बाद राजस्व विभाग ने फतेहाबाद के एसडीएम जेपी पांडेय, खैरगढ़ के अरुण कुमार यादव, बाह के रतन कुमार वर्मा, सैदपुर के पुष्पेंद्र पटेल और गाजीपुर सदर के एसडीएम चंद्रशेखर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सुल्तानपुर सदर में उस एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई होगी, जिसके कार्यकाल में मामले नहीं निपटे। उस एसडीएम के नाम की जानकारी की जा रही है। यह मामले तो सामने आ गए हैं लेकिन और भी कई तहसीलों में लोग भटकते है,कोई सुनने को राजी नहीं।

# बच्चों के लिए खुलेंगे प्राइमरी स्कूल



लखनऊसंवाददाता। ग्रीष्मावकाश के बाद कल 28 जून से परिषदीय विद्यालय खुल जाएंगे। इससे पहले 25 जून से शिक्षकों के लिए विद्यालय खुल गए हैं। विद्यालयों में शिक्षक पहुंच रहे हैं और साफ–सफाई करवा रहे हैं। शुक्रवार से विद्यालय खुलेंगे तो सफाई हो चुकी होगी। गर्मी को देखते हुए 28 और 29 जून को दो घंटे ही स्कूल संचालित होगा। उसके बाद एक जुलाई से नियमित कक्षाएं चलेगी। एक जुलाई से विद्यालय को उत्सव का रूप दिया जाएगा। विद्यालय को फूल, पत्तों, रंगोली, झंडियों और गुब्बारों से सजाया जाएगा। विद्यालय में आने वाले बच्चों को रोली– टीका लगाकर स्वागत किया जाएगा।

# लखनऊ जिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप आज से प्रारम्भ

लखनऊसंवाददाता। जिला लखनऊ बैडमिंटन चैम्पियनशिप गोमती नगर स्थित बी0बी0डी0 उ0प्र0 बैडमिंटन अकादमी के बैडमिंटन हॉल मे 28 जून से प्रारम्भ होगी। जिसमे जिले के करीब 300 / 350 बालक–बालिका, पुरुष–महिला (वेटरन नही) हिस्सा ले रहे है, जिसके आधार पर जिला का चयन होगा, जो प्रदेश स्तर अखिल भारतीय स्तर पर भाग ले सकेंगे। जिला बैडमिंटन संघ के सचिव अनिल ध्यानी जी के अनुसार इसे 11 वर्ष 13, 15, 17 व 19 वर्ष एवं पुरूष / महिला (वेटरन स्पर्धा नही) की एकल / युगल / मिश्रित युगल स्पर्धाए खेली जायेगी। इस प्रतियोगिता का प्रारम्भ प्रातः 09:30 पर होगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा0 सुधर्मा सिंह, (सचिव, उ0प्र0 बैडमिंटन संघ) व विशिष्ठ अतिथि श्री अरूण कुमार कक्कड, (उपाध्यक्ष, उ0प्र0 बैडमिंटन संघ) एवं आलोक सरन (एड्वोकेट) के द्वारा किया जायेगा। पुरस्कार वितरण 30 जून को शाम 04:00 बजे विराज सागर दास (चैयरमेन–उ0प्र0 बैडमिंटन संघ) एवं डा0 नवनीत सहगल, पूर्व आई0ए0एस0, (अध्यक्ष–उ0प्र0 बैडमिंटन संघ, चैयरमेन प्रसार भारती, भारत सरकार) के द्वारा किया जायेगा।

# दवा कारोबारी ने अधिवक्ताओं पर दर्ज कराया प्लाट कब्जाने का केस

लखनऊ थाना ठाकुरगंज के अर्न्तगत वकील रराज कुमार वर्मा ने अपने कुछ वकील साथियों के साथ दबंगई दिखाते हुये प्लाट पर कब्जे का प्रयास किया। साथ ही निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार और कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की। भीड़ को इक्कठा होते देख कर अधिवक्ता जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। मामला ठाकुरगंज की भूहर चौकी का है जिसमें ई–ब्लाक राजाजीपुरम् निवासी दवा कारोबारी संतोष कुमार सक्सेना के प्लाट पर वकीलों ने जबरन कब्जा करने का प्रयास किया तथा मारपीट की। पीड़ित संतोश ने मामले की जानकारी भूहर पुलिस चौकी में दी परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुयी। उन्होनें घटना की शिकायत संयुक्त पुलिस आयुक्त से की। उन्होने सख्त रवैया अपनाते हुये मामले की जॉच करायी और मामला सही पाये जाने पर ठाकुरगंज पुलिस ने विभिन्न धाराओं में अधिवक्ता राज कुमार वर्मा सहित दस अन्य के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया और मामले की जॉच की जा रही है।

# कचरे के ढेर से पटी राजापुर मंडी समिति

लखनऊ, राजापुर मंडी समिति में गल्ला मंडी और फल सब्जी मंडी कचरे



के ढेर पर बसी है।बरसात के मौसम में जहां चंदन कुमार पटेल उप निदेशक विपरण,प्रशासन मंडी परिषद ने सचिव को बरसात से पहले सफाई के दिशा निर्देश दिए लेकिन राजापुर मंडी में सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो गई है।फल सब्जी मंडी के गेट की नालियां कूड़े से लबालब भरी हुई हैं। कूड़े के ढेर से मंडी में बेहद गंदगी है। किसानों और व्यापारियों का मंडी में व्यापार करना दूभर है। कूड़ा प्रतिदिन मंडी से बाहर नहीं भेजा जाता है। यही हाल गल्ला मंडी का है गल्ला मंडी में व्यापारी पवन गुप्ता की दुकान के पीछे और ट्रांसफॉर के पास कूड़े के अंबार लगे हैं। चंदन कुमार पटेल ने दो सप्ताह पहले ही निर्देश दिए कि जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर कूड़े को मंडी में जमा न करें, प्रतिदिन सड़क मार्ग, मंडी परिसर की चारदीवारी के मध्य, कार्यालय भवन के पीछे, किसान विश्राम गृह के पूछे, कैंटीन नीलामी चबूरों, पेय जल शौचालय, यूरिनर को प्रतिदिन साफ करने तथा इसके अलावा दुकानों के पीछे कूड़ा हटाने के भी निर्देश दिए। उपनिदेशक ने इसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी सचिव को दी लेकिन मंडी में निर्देशों का पालन नहीं हो पा रहा है। मंडी कूड़े के ढेर में बद गई है। नई जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल से लोगों को उम्मीद हैं कि शायद अब कुछ अच्छा हो जाये।

# कर्मचारियों और शिक्षकों के साथ सरकार की सहानुभूति सराहनीय

लखनऊ, उत्तर प्रदेश में जो 28 मार्च 2005 तक के जो कर्मचारी और शिक्षक सेवायोजन के तहत आ चुके थे उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार ने भी मान लिया है। यह एक वर्ष पहले केंद्र सरकार ने संगठनों की मांग तथा उच्च न्यायालय तथा सर्वोच्च न्यायालय तक चल रहे वादों में निर्णय के बाद किया था। केंद्र में हो जाने के बाद 1 वर्ष से उत्तर प्रदेश के भी संगठन मांग कर रहे थे।अब इसे उत्तर प्रदेश सरकार ने भी कर्मचारी और शिक्षकों पर लागू कर दिया है ,इससे लगभग 50000 कर्मचारी और शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ मिलेगा। राज्य कर्मचारी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष हरि किशोर तिवारी ने कहा कि परिषद सरकार के इस कदम का स्वागत करती है। कर्मचारियोंऔर शिक्षकों के साथ सरकार की सहानुभूति सराहनीय है।परिषद इसे इस रूप में लेती है कि पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली की ओर एक खिड़की को खोला गया है। उनसे ऑप्शन मांगा गया है । चाहते हैं कि प्रदेश के सभी कर्मचारी शिक्षकों से ऑप्शन ले लिया जाएं और यदि 99 फीसदी आ जाता है तो पुरानी पेंशन की व्यवस्था बहाल कर दी जाय।

# उपचुनाव: मिल्कीपुर से अवधेश का बेटा और कटेहरी से लालजी की बेटी को सपा देगी टिकट !

लखनऊसंवाददाता। यूपी में विधानसभा की 10 सीटों के लिए उपचुनाव होने हैं।इसमें अयोध्या की मिल्कीपुर और अंबेडकरनगर जिले की कटेहरी विधानसभा सीट शामिल है। मिल्कीपुर के विधायक अवधेश प्रसाद अब फैजाबाद से सांसद हैं वहीं कटेहरी के एमएलए लालजी वर्मा अंबेडकनगर का संसद में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।इन दोनों सीटों पर समाजवादी पार्टी में नाम का मंथन शुरू है। संसद सत्र खत्म होने के बाद दिल्ली से लौटकर अखिलेश फाइनल मुहर लगा देंगे। मिल्कीपुर से अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत को और कटेहरी से लालजी वर्मा की बेटी छाया वर्मा चुनाव मैदान में उतर सकती हैं। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से 2022 के विधानसभा चुनाव में 13 हजार वोटों से अवधेश प्रसाद ने जीता था। लोकसभा चुनाव में इस विधानसभा में सपा को 8000 वोटों से बढ़त मिली।कटेहरी विधानसभा सीट में लालजी वर्मा ने 2022 का विधानसभा चुनाव 7 हजार वोटों से जीता था लेकिन लोकसभा चुनाव में कटेहरी में उन्हें 17 हजार वोटों की बढ़त मिली थी।मिल्कीपुर और कटेहरी के अलावा यूपी की जिन सीटों पर उपचुनाव होना है उसमें फूलपुर, मझवा, मीरापुर, करहल, कुंदरकी, गाजियाबाद और खैर विधानसभा, रायबरेली की ऊंचाहार सीट भी शामिल हैं।यूपी की इन 10 सीटों के उपचुनाव को 2027 के विधानसभा चुनाव के नजरिए से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सपा को उम्मीद है कि उसके लिए लोकसभा चुनाव सरीखा परिणाम होगा

# मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली को बदनाम करने की साजिश होगी नाकाम : आफाक

लखनऊ,27 जून 2024 (यूएनएस)। राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के अध्यक्ष मोहम्मद आफाक ने आरोप लगाया है कि मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली के खिलाफ जो शिकायतें पुलिस से की गई है और सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार किया जा रहा है वह न सिर्फ मौलाना बल्कि मुसलमानों के खिलाफ साजिश का एक हिस्सा है। यह सब हमारे धार्मिक स्थल हैं। वर्तमान में वहां शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के लिए मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली के प्रयास उल्लेखनीय हैं। मौलाना द्वारा वहां पर किए जा रहे कार्यों से बड़ी संख्या में गरीब व जरूरतमंद लोग लाभान्वित हो रहे हैं। मौलाना ईदगाह और उससे जुड़ी तमाम चीजों की बहुत अच्छी तरह से देखभाल और हिफाजत कर रहे हैं। ऐसे में यह कहना कि ईदगाह में कोई गड़बड़ी चल रही है गलत है। इसके पीछे जिन साजिशों का हाथ है ।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ लोक निर्माण विभाग का द्विवार्षिक अधिवेशन आज

लखनऊसंवाददाता। उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ लोक निर्माण विभाग का द्विवार्षिक अधिवेशन, चुनाव दिनांक 28 जून 2024 को सम्पन्न होना सुनिश्चित हुआ है। निर्वाचन प्रक्रिया हेतु चुनाव अधिकारी श्री राम सुरेश प्रदेश अध्यक्ष टेक्निकल एसोसिएशन लोक निर्माण विभाग एवं सहायक चुनाव अधिकारी सुरेश सिंह यादव प्रदेश महामंत्री चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश को नामित किया गया है। द्विवार्षिक अधिवेशन,चुनाव के लिए प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग व्यवस्थापन 'ग' वर्ग एवं ख वर्ग द्वारा विशेष अवकाश 28 एवं 29 जून 2024 स्वीकृत किया जा चुका है। द्विवार्षिक अधिवेशन,चुनाव में प्रदेश से निर्धारित प्रतिनिधि के अलावा विभागीय संगठन एवं प्रदेश के अन्य विभागों के संगठन के अध्यक्ष महामंत्री आमंत्रित किये गए है।



# कितने परिवार और उजाड़ेगी जहरीली शराब?

देश के कई हिस्सों में अवैध शराब समय–समय पर लोगों को मौत परोसने का काम करती रही है। हर साल सैकड़ों लोगों की मौत अवैध शराब के सेवन से होने की घटनाएं सामने आ रही हैं लेकिन सरकार इस समस्या से निपटने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। हाल ही में तमिलनाडु में अवैध शराब का कहर टूटा। कल्लाकुरिची जिले से सामने आए अवैध शराब के मामले में मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा था। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक 61 लोग दम तोड़ चुके 156 लोगों का उपचार जारी था।

शराब एक ऐसी बुराई है जिस पर रोक लगाई जानी चाहिए परंतु हमारी सरकारों ने इस ओर से आंखें मूंद रखी हैं। इसका कारण यह है कि हमारी सरकारें इसकी बिक्री से होने वाली भारी–भरकम आय को खोना नहीं चाहतीं क्योंकि सरकारें इसी के सहारे ही चलती हैं। आज देश में शराब का सेवन लगातार बढ़ रहा है और अब तो समाज विरोधी तत्वों द्वारा नकली जहरीली शराब भी बनाई जाने लगी है जिसके इस्तेमाल से होने वाली मौतों के कारण बड़ी संख्या में महिलाओं के सुहाग उजड़ रहे हैं और बच्चे अनाथ हो रहे हैं। शराब वैध हो या अवैध दोनों ही स्वास्थ्य का नुकसान करती है। नकली अवैध शराब तो सीधे जहर पीना है लेकिन सस्ती के चक्कर में नशे के आदी लोग नकली अवैध शराब पीने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। इसी का परिणाम है कि आए दिन शराब पीने से लोगों की असमय मौत के मामले बढ़ रहे हैं।

रिपोर्ट बताती हैं 2022 में छपरा में नकली शराब पीने से 38 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें मास्टरमाइंड सहित पांच लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। इसके पूर्व बिहारशरीफ, गोपालगंज और बेतिया में नकली शराब पीने से मौत के मामले सामने आए थे। 26 जुलाई, 2022 को गुजरात के बोटाद जिले में जहरीली शराब पीने से 18 लोगों की मौत और 45 लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए। 24 सितम्बर, 2023 को बिहार के मुजफ्फरपुर में जहरीली शराब पीने से 2 लोगों की मौत तथा 3 लोगों की आंखों की रोशनी चली गई।

11 नवम्बर, 2023 को हरियाणा के यमुनानगर और अम्बाला में जहरीली शराब पीकर मरने वालों की संख्या 20 तक पहुंच गई। 19 नवम्बर, 2023 को बिहार के सीतामढ़ी में जहरीली शराब पीने से 3 लोगों की मौत तथा 1 गंभीर रूप से बीमार हो गया। 22 मार्च, 2024 को संगरूर में जहरीली शराब पीने से 20 लोगों की मौत हो गई जबकि कुछ लोग अंधे हो गए। 18 जून, 2024 को छत्तीसगढ़ में कोरबा जिले के कोटमेर गांव में जहरीली शराब पीने से एक महिला सहित 3 लोगों की मौत हो गई।

18 जून, 2024 को ही तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में पैकेट और सैशे के रूप में खरीदी जहरीली शराब पीने के कुछ ही समय बाद बड़ी संख्या में लोगों को दस्त, उल्टी आने, पेट दर्द और आंखों में जलन की शिकायत शुरू हो गई और फिर उनकी तबीयत बिगड़ती चली गई। 23 जून के आते–आते जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या 53 तक पहुंच गई थी।

इस मामले में 49 वर्षीय अवैध शराब विक्रेता कन्नुकुट्टी सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कन्नुकुट्टी के पास से जब्त की गई 200 लिटर अवैध न शराब की जांच में सामने आया कि उसमें घातक मेथेनाल मौजूद था।

उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी राज्य के विल्लूपुरम तथा चेंगलपट्टू दे जिलों में अवैध शराब पीने से 22 लोगों की मौत हो गई थी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने इस मामले की जांच के लिए मद्रास उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी। गोकुलदास के नेतृत्व में एक सदस्यीय आयोग गठित करने का निर्देश देने के अलावा जिले के एस। पी। को बर्खास्त तथा जिला कलैक्टर का तबादला कर दिया है। देश में नकली शराब से सबसे अधिक 134 लोगों की मौत बिहार में हुई। इसके बाद दूसरे स्थान पर कर्नाटक और तीसरे स्थान पर पंजाब है। वर्ष 2022 में देश भर में अवैध व नकली शराब के 507 केस दर्ज हुए। इनमें 617 लोगों की मौत हुई, जिनमें 15 महिलाएं थीं। हालांकि, बिहार में एक भी महिला की मौत अवैध शराब के सेवन से नहीं हुई है।

एनसीआरबी 2022 की रिपोर्ट चौंकाने वाली है। अवैध और नकली शराब से जुड़े बिहार में सबसे कम 29 केस सामने आए, लेकिन मौत के मामले में आंकड़ा सबसे अधिक है। शराब के ऐसे दुष्प्रभावों को देखते हुए ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पराधीनता के युग में यह घोषणा की थी कि यदि भारत का शासन आधे घंटे के लिए भी उनके हाथ में आ जाए तो वह शराब की सभी डिस्टिलरियों और दुकानों को बिना मुआवजा दिए ही बंद कर देंगे।

यही नहीं, गांधी जी ने महिलाओं को भी स्वाधीनता आंदोलन से जोड़ा और देश के कोने–कोने में महिलाओं ने छोटे दूध पीते बच्चों तक को गोद में लेकर शराबबंदी की मांग के साथ–साथ विदेशी कपड़ों की होली जलाई और अनेक महिलाओं ने 2–2, 3–3 वर्ष की कैद भी काटी थी। उक्त दुखद घटनाओं से स्पष्ट है कि शराब किस कदर तबाही लाती है। अतः इसके सेवन पर अंकुश लगाने की दिशा में ठोस कदम उठाने और दोषियों को कठोरतम दंड देने की जरूरत है ताकि परिवार न उजड़ें। देश के कई राज्यों में शराबबंदी लागू है। गुजरात पहला राज्य था, जिसने शराबबंदी लागू की थी।

1960 में बॉम्बे से अलग होकर जब गुजरात बना, तभी से वहां शराबबंदी लागू है। उसके बावजद भी बीते 6 साल में गुजरात में 54 लोगों की मौत जहरीली शराब पीने से हो गई। बीते साल जुलाई में गुजरात के बाटोद जिले के रोजिद गांव में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से दर्जनों लोगों की मौत हो गई थी। बिहार, गुजरात, मिजोरम, नागालैंड और लक्षद्वीप में पूरी तरह से शराबबंदी लागू है। 2016 में बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शराबबंदी लागू की। मणिपुर में भी 1991 से शराबबंदी थी, लेकिन अब सरकार ने इसमें थोड़ी छूट दे दी है। सरकार का कहना था कि अवैध शराब पीने से स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को कम करने और रेवेन्यू बढ़ाने के लिए ये फैसला लिया गया है। शराबबंदी को लेकर प्रयोग होते रहे हैं। कई राज्यों में भी शराबबंदी को पहले लागू किया गया, लेकिन बाद में उसे हटा दिया गया है।

आंध्र प्रदेश ने भी 1995 में शराबबंदी को लागू किया था। लेकिन इस बीच सत्ता बदली और चंद्रबाबू नायडू सीएम बन गए। उन्होंने 1997 में 16 महीने पहले शराब पर लगाए गए प्रतिबंध को हटा दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन 16 महीनों में सरकार को 1200 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।

हरियाणा ने भी 1996 में शराबबंदी को लागू किया था, लेकिन दो साल बाद ही 1998 में इस प्रतिबंध को हटा लिया। मणिपुर ने भी पिछले साल अपनी एक्साइज पॉलिसी में बदलाव किया है। यहां 1991 से शराबबंदी लागू थी, लेकिन अब इसमें कुछ छूट दी गई है। शराबबंदी को लेकर प्रयोग होते रहे हैं। कई राज्यों में भी शराबबंदी को पहले लागू किया गया, लेकिन बाद में उसे हटा दिया गया है।

शराबबंदी सफल नहीं होने के पीछे दो बड़े कारण हैं। पहला तो ये शराबबंदी के बावजूद अवैध शराब की तस्करी होती रहती है और दूसरा सरकार के रेवेन्यू को नुकसान।

फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की रिपोर्ट बताती है कि देश में अवैध शराब का कारोबार 23 हजार 466 करोड़ रुपये का है। फिक्की के मुताबिक, अवैध शराब की तस्करी की वजह से सरकार को 15 हजार 262 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

अवैध शराब यानी जिसका कोई रिकॉर्ड नहीं है। ये शराब बिना किसी रिकॉर्ड के बिकती है। इसकी तस्करी होती है और इस पर कोई टैक्स नहीं दिया जाता है। लिहाजा अवैध शराब की तस्करी से सरकार को रेवेन्यू लॉस होता है, लोगों की मौत होती है तो दूसरी ओर शराब कारोबारी पैसा कमाते हैं। **(हिफी)**

## सम्पादकीय

# आपातकाल में संघ की भूमिका महत्त्वपूर्ण अध्याय

भारतीय राजनीति में जब कभी भी लोकतांत्रिक इतिहास का कलंकित अध्याय खोला जाएगा, तो वह तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा सांविधानिक प्रावधानों की निर्मम हत्या कर देश में आपातकाल की घोषणा 25 जून की मध्यरात्रि ही रहेगा।

आपातकाल महज नागरिक स्वतंत्रता को निलंबित करना एवं समाज में पुनरू निरंकुश कानून को स्थापित करना भर नहीं था, बल्कि इलाहबाद उच्च न्यायालय में गांधी की एकतरफा हार का प्रमुख कारण रहा। तत्पश्चात अपने हजारों राजनीतिक विरोधियों को गिरफ्तार किया गया, प्रेस की स्वतंत्रता को कम कर दिया गया और सरकार के लिए खतरा माने जाने वाले संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। उन संगठनों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर.एस.एस.) एक प्रभावशाली संगठन था। इसके बाद जो हुआ, वह आरएसएस के इतिहास के सबसे उल्लेखनीय अध्यायों में से एक शनिष्क्रिय प्रतिरोध आंदोलन्य था, जिसने प्रतिबंध की पुरजोर अवहेलना की और अपने संगठनात्मक ढाँचे को काफी हद तक अक्षुण्ण रखा और आपातकाल का विरोध करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतिरोध के शीर्ष पर संघ के तत्कालीन सरसंघचालक मधुकर दत्तात्रेय देवरस (बालासाहेब देवरस) थे। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी से पूर्व कार्यकताओं और स्वयंसेवकों को संबोधित किया और कहा कि, श्इस असाधारण स्थिति में, स्वयं सेवक अपना संतुलन खोने के लिए बाध्य नहीं हैं। 26 जून, 1975 की सुबह जैसे ही आपातकाल की घोषणा की खबर पूरे भारत में फैली, देश में अविश्वास और भय की भावना फैल गई। आपातकाल का लागू होना राजनीतिक उथल–पुथल, आर्थिक चुनौतियों और इंदिरा गांधी की बढ़ती सत्तावादी प्रवृत्तियों के दौर की परिणति के रूप में आया। संघ, जो लंबे समय से गांधी की चुनिंदा नीतियों की आलोचना करता रहा, आपातकाल की घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर उनके प्रमुख नेताओं को घेर लिया गया और गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि यह संघ की दूरदर्शिता ही थी कि शीर्ष नेतृत्व ने इस तरह के कदम का पूर्वानुमान लगा लिया था।

आपातकाल से कुछ समय पूर्व जैसे–जैसे राजनीतिक तनाव बढ़ा, बालासाहब देवरस और संघ के अन्य वरिष्ठ नेतृत्व ने आकस्मिक योजनाएं बनानी शुरू कर दी थीं। उन्हें दृढ़ विश्वास था कि संगठन की यह तैयारी उस तूफान का अपनी क्षमतापूर्वक सामना करने में महत्त्वपूर्ण साबित होगी जो इसे घेरने वाला था और जनकल्याण हेतु कार्य में विघ्न उत्पन करने वाला था। संघ के वरिष्ठ प्रचारक और लोक संघर्ष समिति के संयोजक, नानाजी देशमुख (जिन्होंने 1977 में जनता पार्टी के बैनर तले विपक्ष को एक साथ लाने में अहम भूमिका निभाई) और के. एस. सुदर्शन ने भी पत्रों के माध्यम से विभिन संगठनों के साथ भी संवाद किया। संघ पर सरकार की कार्रवाई त्वरित और कठोर थी। शीर्ष नेतृत्व से लेकर स्थानीय स्तर के हजारों कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों तक को गिरफ्तार किया गया और जेल में डाल दिया गया। संगठन के कार्यालयों पर छापे मारे गए और दस्तावेज के साथ संपत्ति भी जब्त कर ली गई। 4 जुलाई, 1975 को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माने जाने वाले कई अन्य संगठनों के साथ संघ को आधिकारिक रूप से श्मीसा कानून्य के अंतर्गत प्रतिबंधित कर दिया गया था। इस भारी–भरकम दृष्टिकोण के बावजूद संघ नई वास्तविकता के लिए पुनरू अनुकूल होने में कामयाब रहा। संघ ने अपने स्थानीय शाखाओं की अनूठी संरचना से राष्ट्र में व्याप्त भय के वातावरण में भी विकेंद्रीकृत नेतृत्व के साथ जनमानस तक केंद्र सरकार की निरंकुश नीतियों का दमन और समाज में अन्य वर्ग के लोगों की सहायता से कई प्रचार–प्रसार के कार्य सफलतापूर्वक किया,

# ओम बिरला के अध्यक्ष बनने से शुरुआत सही दिशा में



ललित गर्ग । हर राष्ट्र का सर्वोच्च मंच उस राष्ट्र की पार्लियामेंट होती है, जो पूरे राष्ट्र के लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा संचालित होती है, राष्ट्र–संचालन की रीति–नीति और नियम तय करती है, उनकी आवाज बनती है व उनके ही हित में कार्य करती है।ओम बिरला को दूसरी बार ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा का नया स्पीकर चुना गया। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी उन्हें आसन तक लेकर पहुंचे। ध्वनिमत पर विपक्ष ने डिविजन की मांग नहीं की। ओम बिरला के नाम पर विपक्ष का विरोध न करना मोदी सरकार के लिए भी किसी आश्चर्य से कम नहीं रहा। उम्मीद यही की जा रही थी कि विपक्ष वोटिंग की मांग करेगा और फिर पूरी प्रक्रिया के तहत मतदान होगा। ओम बिरला को नये लोकसभा के अध्यक्ष चुने जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया जहां लोकतांत्रिक मूल्यों की खूबसूरती की छटा बिखेर रही थी, वहीं ऐसी संभावनाओं को बल दिया कि अठाहरवीं लोकसभा के सभी सत्र एक नया इतिहास का सृजन करते हुए उम्मीदभरे होंगे। कोटा से तीसरी बार के सांसद ओम बिरला ने दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनकर इतिहास रच दिया है। वे लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने वाले तीसरे शख्स हैं। उनसे पहले बलराम जाखड़ 9 सालों तक स्पीकर रहे थे। ओम बिरला का चुना जाना चौंकाता नहीं है, बल्कि जो बात थोड़ी हैरान करने वाली थी वह है इस पद के लिए चुनाव की नौबत लाया जाना। वैसे तो लोकतंत्र में चुनाव किसी भी पद के लिए हो, उसे बुरा मानने का कोई कारण नहीं है। मगर लोकसभा अध्यक्ष का पद ऐसा है जिसमें आम राय को हमेशा तवज्जो दी जाती रही है। वजह यह है कि सदन के सुचारू संचालन के लिए अध्यक्ष को दोनों पक्षों का सहयोग चाहिए होता है। ऐसे में अगर इस पद पर बैठे व्यक्ति का चयन दोनों पक्ष उसमें अपना विश्वास घोषित करते हुए करें तो पद की शोभा कई गुना बढ़ जाती है।

स्वतंत्र भारत में लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए केवल तीन बार 1952, 1967 और 1976 में चुनाव हुए। वर्ष 1952 में कांग्रेस सदस्य जी. वी. मावलंकर को लोकसभा स्पीकर के रूप में चुना गया था। लोकसभा अध्यक्ष पद पर चयन को लेकर सरकार और विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं बन पाई, जिस वजह से चुनाव की नौबत आ गई। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन के बाद सरकार और विपक्ष के बीच यह पहला शक्ति प्रदर्शन था। इसलिए भाजपा के रणनीतिकार अपने उम्मीदवार ओम बिरला को ज्यादा से ज्यादा सांसदों के समर्थन के साथ बड़ी जीत दिलवाने के मिशन में जुट गई थी। इंडिया गठबंधन की पूर्व रात्री को हुई बैठक में ही नेताओं का कहना था कि इंडिया गठबंधन के पास संख्या बल नहीं है। इसलिये बिना मतदान के ही ध्वनिमत से बिरला के अध्यक्ष चुने जाने की कार्रवाई को निर्बाध होने दिया एवं संसदीय पटल पर खुशी का माहौल दिखाई दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कालखंड में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होना बहुत बड़ा दायित्व आपको मिला है, हम सबका विश्वास है कि आप आने वाले 5 साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी बधाई देते हुए संविधान रक्षा की बात दोहरायी। सदन में तीसरे सबसे बड़े दल के नेता अखिलेश यादव ने कहा कि जिस पद पर आप बैठे हैं, इससे बहुत गौरवाशाली परंपरा जुड़ी है। इसलिए सबकुछ बिना भेदभाव आगे बढ़ेगा। निष्पक्षता इस महान पद की महान जिम्मेदारी है। आप लोकतंत्र के मुख्य न्यायाधीश की तरह बैठे हैं।'

हर राष्ट्र का सर्वोच्च मंच उस राष्ट्र की पार्लियामेंट होती है, जो पूरे राष्ट्र के लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा संचालित होती है, राष्ट्र–संचालन की रीति–नीति और नियम तय करती है, उनकी आवाज बनती है व उनके ही हित में कार्य करती है। राष्ट्र के व्यापक हितों की सुरक्षा करती है। भारत का लोकतंत्र न केवल सशक्त है बल्कि अनूठा एवं प्रेरक है, उसका सर्वोच्च मंच लोकसभा है। सत्रहवीं लोकसभा के सत्रों की कार्यवाही बिरला ने नियोजित एवं सुचारू ढंग से संचालित कर एक स्वस्थ परम्परा का सूत्रपात किया था, उनके अनुभव एवं क्षमताएं सदन को नई दृष्टि देने के लिए तत्पर रहे हैं। उनके सदन संचालन की दक्षता एवं कौशल की ताजी हवा के झोंकों का अहसास देश का सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा महसूस करता रहा है। वे लोकसभा को कुशलता से संचालित करने में न केवल खरे उतरे हैं बल्कि नये प्रतिमान स्थापित करते हुए सदन की गरिमा एवं गौरव की अभिवृद्धि की हैं। अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष बनकर निश्चित ही वे सदन की कार्यवाही को अनुशासित भी कर सकेंगे, अनुप्रेरित भी कर सकेंगे और पक्ष–विपक्ष के बीच संतुलन रखते हुए देशहित में महत्वपूर्ण निर्णय लेने का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे, ऐसा विश्वास है। निश्चित ही निष्पक्ष होकर अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए सदन की गरिमा को नए स्तर तक ले जाने में वे सक्षम साबित होंगे।

लोकसभा कुछ खम्भों पर टिकी एक सुन्दर ईमारत ही नहीं है, यह एक अरब चालीस करोड़ जनता के दिलों की धड़कन है। उसके एक–एक मिनट का सदुपयोग हो। वहां शोर, नारे और अव्यवहार न हो, अवरोध पैदा नहीं हो। ऐसा होना निर्धनजन और देश के लिए हर दृष्टि से महंगा सिद्ध होता है। यदि हमारे प्रतिनिधि ईमानदारी से नहीं सोचेंगे और आचरण नहीं करेंगे तो इस राष्ट्र की आम जनता सही और गलत, नैतिक और अनैतिक के बीच अन्तर करना ही छोड़ देगी। निश्चित ही संतुलन, निष्पक्षता, शालीनता एवं कौशल के बल पर बिरला नये लोकसभा के सदन की कार्रवाई को एक नई ऊंचाई प्रदान करेंगे और नयी उम्मीदों को पंख लगायेंगे। इसमें पक्ष एवं विपक्ष का सहयोग अपेक्षित है तभी लोकसभा की शालीनता एवं सभ्यता नई ऊंचाइयों पर आरोहण करेंगी। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है, यदि वहां मर्यादाहीनता एवं अशालीनता का प्रदर्शन होता है तो समस्याएं सुलझने की बजाय उलझती जाती है। छोटी–छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो–हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि ऐसी घटनाएं है, जिनसे संसद जैसी प्रतिनिधि संस्था का गौरव घटता है। यह बात चुने हुए प्रतिनिधियों को समझाने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने में बिरलाजी ने पूर्व में जिस तरह की सिद्धहस्तता का परिचय दिया है, वह काबिलेतारीक है।

संसद करोड़ों लोगों का प्रतिनिधित्व कर उनकी आवाज बनती हैं। हमारे राष्ट्र की लोकसभा का यही पवित्र दायित्व होता है कि वह उसकी पवित्रता एवं स्वस्थता कायम रखे तथा सभी प्रतिनिधि भगवान् और आत्मा की साक्षी से इस दायित्व को निष्ठा व ईमानदारी से निभाने की शपथ लेते हैं। लोकसभा अध्यक्ष पद पर केवल लम्बे संसदीय अनुभव रखने वाले सांसद का चुनाव जरूरी नहीं होता। देखना यह होता है कि इस पद पर बैठा व्यक्ति सभी पक्षों को साथ लेकर चलने की क्षमता रखता है अथवा नहीं और वह सभी पक्षों के साथ यथोचित न्याय करने का हौंसला रखता है या नहीं। सदन में जब मूल्य एवं नैतिक मानक कमजोर हो जाते हैं और सिर्फ निजी हैसियत को ऊँचा करना ही महत्त्वपूर्ण हो जाता है तो वह सदन निश्चित रूप से कमजोर हो जाता है। आजादी के अमृत काल में भी हम अपने आचरण और काबिलीयत को एक स्तर तक ऊंचा उठाये। नेता और नायक किसी कारखाने में पैदा करने की चीज नहीं हैं, उनकी काबिलीयत और चरित्र को गढ़ने का काम भी लोकसभा ही करती है। संविधान की शब्दधाराओं को ही नहीं उसकी भावना को महत्व देने के गुणों का विकास भी यहीं से होता है। बोलने की आजादी का सदुपयोग करना भी यही पर सिखाया जाता है। नये अध्यक्ष लोकसभा को प्रशिक्षण की प्रयोगशाला बनाये। नई लोकसभा अपने भीतर ऐसे परिवेश को जन्म दे, जो स्वयं आगे आकर नवनिर्माण करें, दायित्व की बागडोर थामे और सुधार, स्वस्थता एवं विकास का कार्य शुरू करें। लोकसभा बड़े आदर्शों की अपेक्षा एक छोटा–सा सवाल अपने आपसे करने की कोशिश कर रही है कि नयी लोकसभा की अगवानी में अलविदा किसे कहे? अतीत के उन घटना–प्रसंगों को अलविदा कहें जिनकी वजह से लोकसभा के सपने एवं संकल्प अधूरे रहे और उसकी गरिमा धूमिल होती रही है। शुरुआत तो अच्छी हो रही है देखिये आगे क्या होता है? इतना तो है ही कि इस बार सभी पक्षों से बेहतर समझदारी और परिपक्वता की अपेक्षा रहेगी।



# चुनाव के बाद ओम बिरला बने स्पीकर

राजनीति की खींचतान में संसदीय परम्परा एक बार फिर शर्मसार हुई। लोकसभा अध्यक्ष पद पर चुनाव की नौबत आयी। सरकार के पास स्पष्ट बहुमत है, इसलिए ओम बिरला का स्पीकर बनना तय माना जा रहा था लेकिन यह चयन निर्विरोध होता तो बेहतर था। कहने के लिए सरकार की तरफ से पहल की गयी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को यह दायित्व सौंपा गया कि ओम बिरला के पक्ष में माहौल बनवाएं। विपक्ष की तरफ से डिप्टी स्पीकर की मांग अनुचित नहीं कही जाएगी लेकिन गठबंधन की राजनीति के सारे नियम कायदे ही गड्ड–मड्ड कर दिये हैं। कांग्रेस ने आठ बार के सांसद के. सुरेश को मैदान में उतार दिया। भाजपा की तरफ से भी ओम बिरला के अलावा भर्तृहरि महताब, राधा मोहन सिंह और डी. पुरंदेश्वरी के नाम स्पीकर पद के लिए आगे बढ़ाये गये थे लेकिन बाद में पूर्व के अनुभवी स्पीकर ओम बिरला पर ही सहमति बनी। भाजपा सांसद ओम बिरला 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष चुन लिये गए। इससे पहले सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पीएम मोदी ने सदन में लोकसभा स्पीकर के लिए ओम बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका राजनाथ सिंह और ललन सिंह ने समर्थन किया। जिसके बाद ध्वनिमत से ओम बिरला को स्पीकर चुन लिया गया। इस तरह 2024 लोकसभा स्पीकर पद के लिए चुनाव का गवाह बना जो 1976 के बाद इस तरह का पहला मौका है। कांग्रेस सदस्य कोडिकुनिल सुरेश को एनडीए के उम्मीदवार ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष का उम्मीदवार बनाया गया था। स्वतंत्र भारत में लोकसभा स्पीकर पद के लिए केवल तीन बार 1952, 1967 और 1976 में चुनाव हुए। वर्ष 1952 में कांग्रेस सदस्य जी वी मावलंकर को लोकसभा स्पीकर के रूप में चुना गया था। लोकसभा स्पीकर पद पर चयन को लेकर सरकार और विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं बन पाई, जिस वजह से चुनाव की नौबत आ गई। केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन के बाद सरकार और विपक्ष के बीच यह पहला शक्ति प्रदर्शन था। इसलिए बीजेपी के रणनीतिकार अपने उम्मीदवार ओम बिरला को ज्यादा से ज्यादा सांसदों के समर्थन के साथ बड़ी जीत दिलवाने के मिशन में जुट गये थे। स्पीकर चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्पीकर ओम बिरला की सीट पर आए और उन्हें बधाई दी। ये परंपरा रही है कि सदन के नेता यानि प्रधानमंत्री और नेता विपक्ष, लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुने गए सांसद को उनकी सीट से लेकर अध्यक्ष की कुर्सी तक जाते हैं। सांसद ओम बिरला को जब अध्यक्ष चुना गया, तो इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी उनकी सीट तक गए। इस दौरान पीएम मोदी और राहुल गांधी ने हाथ मिलाया। यह एक ऐतिहासिक पल था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर कहा कि हमारा विश्वास है कि आप (ओम बिरला) आने वाले पांच साल तक हम सभी का मार्गदर्शन करते रहेंगे। इससे पूर्व सत्ता पक्ष और विपक्ष में शक्ति प्रदर्शन का खेल भी चला था। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, मल्लिकार्जुन खरगे के पास केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह का फोन आया। राजनाथ सिंह जी ने खरगे जी से अपने स्पीकर के लिए समर्थन मांगा, विपक्ष ने साफ कहा है कि हम स्पीकर को समर्थन देंगे, लेकिन विपक्ष को डिप्टी स्पीकर मिलना, राजनाथ सिंह जी ने कल शाम कहा था कि वे खरगे जी कॉल रिटर्न करेंगे अभी तक खरगे जी के पास कोई जवाब नहीं आया है। पीएम मोदी कह रहे हैं रचनात्मक सहयोग हो फिर हमारे नेता का अपमान किया जा रहा है। परंपरा है कि डिप्टी स्पीकर विपक्ष को होना चाहिए विपक्ष ने कहा है अगर परंपरा को रखा जाएगा तो हम पूरा समर्थन देंगे। स्पीकर पद को लेकर सहमति नहीं बनी है, इसलिए अब विपक्ष की तरफ से भी उम्मीदवार उतारा गया। विपक्ष की तरफ से के सुरेश ने नामांकन दाखिल किया। दरअसल विपक्ष ने डिप्टी स्पीकर पद की मांग की थी, जिस पर सहमति नहीं बन सकीं। इससे पहले सरकार ने स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के नाम पर आम राय बनाने की पहल की। सूत्रों के मुताबिक इसी को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के प्रमुख नेताओं से बात की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, डीएमके प्रमुख एम के स्टालिन और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी से भी इस पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, पहले एनडीए की तरफ से स्पीकर के लिए चार नामों की चर्चा चल रही थी। ये चार नाम थे– ओम बिरला, भर्तृहरि महताब, राधा मोहन सिंह और डी पुरंदेश्वर, लेकिन ओम बिरला जब संसद भवन में पीएम मोदी से मिलने पहुंचे तो इनमें से कई नाम धुंधले होने लगे और तस्वीर लगभग साफ हो गई। कयास लगाए जाने लगे कि लोकसभा में एक बार फिर से ओम बिरला का दबदबा होगा। हुआ भी कुछ ऐसा ही। पीएम मोदी से मुलाकात के महज कुछ ही समय के भीतर ही ये खबर सामने आ गई कि ओम बिरला एक बार फिर से लोकसभा अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। वहीं विपक्ष चाहता था कि स्पीकर के चेहरे पर उनके साथ भी बातचीत की जाएं। सांसद के एनके प्रेमचंद्रन ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के कुछ दलों को लगता है।

# चकरोड से हटवाया गया अतिक्रमण, ई-खसरा का हुआ सत्यापन

लालगंज, प्रतापगढ़। डीएम के निर्देश पर गांवों मे चलाए जा रहे सरकारी जमीन पर अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत चकरोड से अतिक्रमण हटवाया गया। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह राजस्व टीम के साथ लालगंज के इदिलपुर गांव पहुंचे। यहां ग्रामीणों की शिकायत पर राजस्व टीम ने चकरोड का चिन्हांकन किया। प्रधान तथा ग्रामीणों की मौजूदगी में चकरोड से अतिक्रमण को टीम ने हटवा दिया। वहीं तहसीलदार ने राजस्व ग्रामों के सीमा चिन्हांकन तथा ई खसरा के सत्यापन को लेकर भी राजस्व टीम के साथ कवायद की। तहसीलदार ने बताया कि प्रत्येक राजस्व ग्राम में सीमा चिन्हांकन अभियान के तहत नये सिरे से सूचकांक पत्थर लगवाये जा रहे हैं। वहीं काश्तकारों के बीच ई खसरा का सत्यापन अभियान में ग्रामवार प्रभावी बनाए जाने के लिए क्षेत्रीय लेखपालों व राजस्व निरीक्षकों को पारदर्शी कार्रवाई के निर्देश दिये गये है। तहसीलदार ने बताया कि प्रशासन द्वारा नियमित रूप से अभियान के तहत गांव सभा की तालाबी अराजी जमीन से अतिक्रमण हटवाये जाने को प्राथमिकता दी गयी है। तालाब की जमीन पर अतिक्रमणी को भी चिन्हित कर एफआईआर दर्ज करायी जाएगी। सरकारी स्कूल की जमीनों, पंचायत भवनों, सामुदायिक भवन, चकमार्ग पर अतिक्रमण मिलने पर कार्रवाई न करने वाले दोषी लेखपालों के विरूद्ध तहसीलदार ने विभागीय कार्रवाई को लेकर भी आगाह किया है। तालाबी अराजी की जमीन पर अतिक्रमण को लेकर विशेष अभियान की शुरूआत से अतिक्रमणीयों में अंदर ही अंदर खलबली भी मची हुई देखी जा रही है।

# पालीथिन एवं अतिक्रमण को लेकर नपं ने चलाया अभियान



लालगंज, प्रतापगढ़। थाना समाधान दिवस मे नगर की बाजार में पालीथिन को डंप देखकर डीएम की नाराजगी को लेकर नगर पंचायत कार्यदायी संस्था का अभियान शुरू हुआ। ईओ दिनेश सिंह ने कार्यदायी संस्था के कार्मिकों के साथ पुलिसबल की मौजूदगी में नगर की बाजार में पालीथिन जब्तीकरण का अभियान चलाया। वहीं ईओ ने व्यापारियों से मिलकर उन्हें नेशनल हाइवे के फुटपाथ पर अवैध अतिक्रमण फौरन हटवाये जाने के भी निर्देश दिये। ईओ ने कहा कि अवैध अतिक्रमण को लेकर शीघ्र ही लालगंज बाजार में प्रशासनिक टीम के साथ प्रभावी अभियान चलाया जाएगा। बाजार में पालीथिन के प्रयोग पर सख्ती को लेकर अभियान शुरू होने से दुकानदारों में गुरूवार को हडकंप का माहौल दिखा। कार्रवाई के दौरान एसआई दीपक यादव, लिपिक अनिकेत दुबे, विकास आदि मौजूद रहे।

# राहगीरों को पिलाया गया शरबत

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर स्थित नेशनल हाइवे के समीप श्रीहनुमत निकेतन मंदिर के सामने गुरूवार को राहगीरों को शरबत पिलाया गया। गर्मी व उमस के मौसम में शरबत ग्रहण कर राहगीर राहत में देखे गये। अभियान में पं. वज्रघोष ओझा, चंदन कौशल, मोहित, बबलू पटवा आदि रहे। इसी क्रम में असरही गांव के सामने भी आदर्श सिंह के संयोजन में राहगीरों को गर्मी से राहत के लिए शरबत वितरित किया गया। यहां कार्यक्रम में केडी मिश्र, अनिल, हरिकेश, संदीप आदि रहे।

# नौनिहालों को दी गयी विटामिन-ए की खुराक, जागरूकता अभियान पर मंथन




लालगंज, प्रतापगढ़। बाल पोषण अभियान के तहत नौनिहालों को घर घर विटामिन ए की खुराक पिलाये जाने की गुरूवार को समीक्षा हुई। वही नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नौनिहालों को विटामिन ए को अभियान के तहत गुरूवार को खुराक दी गयी। सभागार में हुई समीक्षा बैठक में चिकित्साधीक्षक डा. अरविन्द गुप्ता ने अभियान से जुडे स्वास्थ्यकर्मियो को नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक तत्परतापूर्वक पिलाये जाने की सावधानियां बतलायी। उन्होने आगामी पहली जुलाई से संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर भी प्रारंभिक तैयारियो को पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। वहीं बाल पोषण तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूकता के लिए भी स्वास्थ्यकर्मियों को घर घर संपर्क के निर्देश दिये गये। इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी आरती द्विवेदी, बीपीएम बृजेश पाण्डेय, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक राकेश पाण्डेय व राधेश्याम यादव आदि स्वास्थ्यकर्मी रहे।

# डाक विभाग के इण्डिया पोस्ट पेमेंटस बैंक में दस लाख से पन्द्रह लाख रूपये का होगा दुर्घटना बीमा- पोस्टमास्टर जनरल

## विशेष दुर्घटना बीमा योजना को लेकर विभाग प्रभावी बनाएगा जागरुकता अभियान

प्रतापगढ़। महंगे प्रीमियम पर बीमा करवाने में असमर्थ लोगों के लिए डाक विभाग का इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक विशेष दुर्घटना सुरक्षा बीमा लेकर आया है। इसके तहत वर्ष में महज रूपये पांच सौ बीस और रूपये सात सौ निन्यान्वे रुपए के प्रीमियम के साथ लाभार्थी का क्रमशः दस और पन्द्रह लाख रुपए का दुर्घटना बीमा होगा। इस योजना के तहत एक साल खत्म होने के बाद अगले साल लाभार्थी को यह बीमा नवीनीकृत करवाना होगा। योजना के तहत इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में लाभार्थी का खाता होना अनिवार्य है। उक्त जानकारी प्रयागराज क्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने दी है। उन्होने बताया कि डाक विभाग इसके लिए छब्बीस व सत्ताईस जून 2024 को प्रयागराज क्षेत्र में विशेष अभियान चलायेगा। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक और विभिन्न बीमा कंपनियों के मध्य हुए एक एग्रीमेंट के तहत अठारह से पैंसठ वर्ष आयु के लोगों को यह निजी दुर्घटना बीमा सुरक्षा मिलेगी । उन्होनें यह भी बताया कि इसके तहत बीमा कवर में दुर्घटना से मृत्यु, स्थाई या आंशिकध्पूर्ण अपंगता, अंग विच्छेद या पैरालाइज्ड होने पर क्रमशः दस और पन्द्रह लाख रुपए का कवर मिलेगा। पोस्टमास्टर जनरल के मुताबिक इस बीमा में दुर्घटना होने की स्थिति में हॉस्पिटल में भर्ती, आई.पी.डी खर्च, ओ.पी.डी एवं दैनिक भुगतान की भी सुविधा भी मिलेगी। वहीं उन्होनें बताया कि इस बीमा में डॉक्टर से पोषण संबंधी सलाह एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए परामर्श की भी सुविधा होगी। लाभार्थी को उपरोक्त सभी लाभों के अलावा दो बच्चों की पढ़ाई के लिए रूपया एक लाख तक का खर्च, दस दिन अस्पताल में रोजाना का एक हजार खर्च, किसी अन्य शहर में रह रहे परिवार हेतु ट्रांसपोर्ट का पचीस हजार रूपए तक का खर्च और मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार के लिए पांच हजार तक का खर्च मिलेगा। योजना के तहत निदेशक डाक सेवाएँ गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में लाभार्थी का खाता होना अनिवार्य है। उन्होने बताया कि प्रीमियम खाता मात्र दो सौ रूपये से खोला जा सकता है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए ग्राहक का आधार नंबर एवम मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है। निदेशक ने यह भी बताया कि ग्राहक का खाता बिना किसी दस्तावेज के केवल बायोमेट्रिक के आधार पर तुरंत खुल जाता है एवं साथ ही साथ दुर्घटना बीमा का भी लाभ बिना किसी दस्तावेज जमा कराए लिया जा सकता है । उन्होनें बताया कि प्रीमियम खाता में किसी भी प्रकार का डोर स्टेप चार्ज नहीं देना होगा, तथा इसके साथ ही बिजली बिल भुगतान और कैशबैक भी प्राप्त किया जा सकता है । निदेशक के मुताबिक घर बैठे आईपीपीबी एप के माध्यम से सुकन्या, पीपीएफ, आर डी, पीएलआई आदि का ऑनलाइन जमा किया जा सकता है। प्रीमियम खाता खोलने पर आधार सीडिंगध्डीबीटी मैपिंग की भी सुविधा उपलब्ध होगी जिसके तहत खाता धारक भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं (किसान सम्मान निधि, विधवा पेंशन आदि) में मिलने वाले लाभ का भुगतान सरलता से अपने खाते के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही साथ इसके माध्यम से कोई भी खाता धारक या भारत सरकार के योजनाओं का लाभार्थी घर बैठे दस हजार रूपये तक की धनराशि नगदी के रूप में निकासी कर सकता है। प्रयागराज क्षेत्र के निदेशक डाक सेवाएँ गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि इस दुर्घटना बीमा सुविधा में पंजीकरण के लिए लोग अपने इलाके के डाकिया या नजदीकी डाकघर में संपर्क कर सकते हैं।

# एक नए अभियान के लिए अग्रिम शुभकामनाएं एवं बधाई - असीम अरुण राज्यमंत्री

हरदोई(एजेंसी) ।पर्वतारोही अभिनीत मौर्य ने उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री असीम अरुण से मुलाकात करके अपने अगले अभियान के बारे में जानकारी दी, साथ ही उन्होंने मंत्री को एक हरित पौधा भेंट किया। अभिनीत अपने अभियान के दौरान लोगों से पर्यावरण बचाओ के लिए लोगों को जागरूक करते रहते हैं साथ ही वृक्षारोपण भी करते रहते हैं।

पर्वतारोही अभिनीत की उपलब्धियां देखकर मंत्री ने अभिनीत की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा जीवन में और अधिक ऊंचाइयों को छुओ और देश, प्रदेश का नाम रोशन करते रहो । आप जैसे लोगों से युवाओं को प्रेरणा मिलती है, जिससे वो भी अपने जीवन में बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित होते है ।

# मादक पदार्थो का दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी अन्तर्राष्ट्रीय दिवस पर विशेष कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



हरदोई(एजेंसी) ।मादक पदार्थों का दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर, मद्यनिषेध विभाग, उत्तर प्रदेश ने अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, गोमतीनगर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री, आबकारी एवं मद्यनिषेध विभाग, उत्तर प्रदेश नितिन अग्रवाल ने प्रतिभाग किया। डॉ. हरिओम, प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। नितिन अग्रवाल ने अपने संबोधन में प्रदेश के युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए 'नशा मुक्त भारत अभियान' और 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' मुहिम को गति प्रदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस कार्य में जनसामान्य की सहभागिता अत्यधिक महत्वपूर्ण है। डॉ. हरिओम ने मादक पदार्थों के सेवन से परिवार, समाज और राष्ट्र को हो रही क्षति पर चर्चा की और नशीले पदार्थों से दूर रहने की अपील की। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ मद्यनिषेध प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुआ। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। राज्य मद्यनिषेध अधिकारी आर.एल. राजवंशी ने अपने परिचयात्मक उद्बोधन में विभाग की उपलब्धियों और मादक पदार्थ विरोधी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात, आबकारी मंत्री द्वारा विभागीय 'स्मारिका' 2024 के संस्करण का विमोचन किया गया ।कार्यक्रम में डॉ. सीमा राठौर ने योग और नशामुक्ति विषय पर चर्चा की और जीवन में योग को अपनाने की अपील की। डॉ. आदर्श त्रिपाठी ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग के दुष्प्रभावों और इसके बचाव के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. सत्येन्द्र गुप्ता ने पंचायती राज संस्थाओं और महिला समूहों की सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला ।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शिक्षात्मक कार्यक्रम, डाक्यूमेंट्री और जादू के माध्यम से मद्यनिषेध के प्रति जनजागरूकता बढ़ाई गई। अंत में, पोस्टर प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए।

# विद्या भारती द्वारा आयोजित सप्तम दिन के समारोह संपन्न



हरदोई(एजेंसी)। जनपद के पं बाबूराम त्रिवेदी सरस्वती शिशु मंदिर अल्लीपुर में विद्याभारती द्वारा आयोजित नवीन आचार्य प्रशिक्षण दिवस के सप्तम दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय संगठन मंत्री विद्या भारती पूर्वी उत्तरप्रदेश हेमचंद उपस्थित रहे। जनपद के पं बाबूराम त्रिवेदी सरस्वती शिशु मंदिर अल्लीपुर में गुरुवार को विद्याभारती द्वारा आयोजित नवीन आचार्य प्रशिक्षण दिवस के सप्तम दिवस पर मुख्य अतिथियों का नवीन आचार्या वहनों के द्वारा मुख्य अतिथियों का तिलक बंधन लगाकर स्वागत किया गया। उसके उपरांत मुख्य अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलन व पुष्पार्चन किया गया तथा वंदना का कार्यक्रम हुआ। मंच संचालन श्रावस्ती संभाग कैलाश वर्मा के द्वारा किया गया तथा आये हुए मुख्य अतिथियों का परिचय प्रदेश निरीक्षक मिथिलेश अवस्थी के द्वारा किया गया। वंदना कार्यक्रम के पश्चात क्षेत्रीय संगठन मंत्री विद्या भारती पूर्वी उत्तरप्रदेश हेमचंद का स्वागत सह मंत्री जन शिक्षा समिति कौशल किशोर वर्मा ने किया। संस्कृति बोध परियोजना प्रमुख राजकुमार का स्वागत लखनऊ संभाग के संभाग निरीक्षक श्याममनोहर शुक्ल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री विद्या भारती पूर्वी उत्तरप्रदेश हेमचंद ने सर्वांगीण समग्र विकास की कल्पना पर विस्तृत प्रकाश डाला और कहा पंचकोषात्मक पद्धति के जरिए विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास होता है ।चतुर्थ सत्र श्रावस्ती संभाग कैलाश वर्मा के द्वारा प्रश्न पत्र निर्माण पर विस्तृत चर्चा की गई। शारीरिक का सत्र हुआ जो जिसमे मुख्य शिक्षक प्रांतीय शारीरिक प्रमुख के द्वारा ओम प्रकाश के द्वारा विधिवत शिक्षण कार्य हुआ। इस मौके पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष उच्च शिक्षा विद्या भारती शीर्षेन्दुशील त्रिवेदी विपिन, सीतापुर संभाग निरीक्षक रणवीर सिंह, लखनऊ संभाग श्याममनोहर शुक्ल, साकेत संभाग मिथिलेश सिंह, व्यवस्था के आचार्य तथा नवीन आचार्य प्रशिक्षार्थी मौजूद रहे।

# सब के सहयोग से होगा दहेज मुक्तसमाज का निर्माण:-जिला प्रोबेशन अधिकारी

हरदोई(एजेंसी) ।जिला प्रोबेशन अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया है कि दहेज एक सामाजिक बुराई है, जिसके कारण समाज में महिलाओं के प्रति अकल्पनीय यातनाएँ और अपराध उत्पन्न हुई हैं तथा भारतीय वैवाहिक व्यवस्था प्रदूषित हुई है। हम सबको मिलकर दहेज मुक्त भारत का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि दहेज, शादी के समय दुल्हन के ससुराल वालों को लड़की के परिवार द्वारा नकद या वस्तु के रूप में किया जाने वाला भुगतान है। आज सरकार न केवल दहेज प्रथा को मिटाने के लिये बल्कि बालिकाओ की स्थिति के उत्थान के लिये कई कानूनी (दहेज निषेध अधिनियम 1961) और योजनाओं द्वारा सुधार हेतु प्रयासरत है। उन्होंने बताया है कि इस समस्या से छुटकारा पाने में लोगों की सामाजिक और नैतिक चेतना को प्रभावी बनाना, महिलाओं को शिक्षा तथा आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान करना एवं दहेज प्रथा के खिलाफ कानून को प्रभावी ढंग से लागू करना मददगार हो सकता है। दहेज प्रथा न केवल अपराध है, बल्कि अनैतिक भी है। इसलिये दहेज प्रथा की बुराइयों के प्रति समाज की अंतरात्मा को पूरी तरह से जगाने की जरूरत है, ताकि समाज में दहेज की मांग करने वालों की प्रतिष्ठा कम हो जाए। उन्होंने बताया कि दहेज से सम्बन्धित किसी भी शिकायत जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी के मोबाइल नम्बर 7518024017 वन स्टॉप सेन्टर अथवा 181 महिला हेल्पलाइन व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर की जा सकती है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी कलेक्ट्रेट परिसर या वन स्टॉप सेन्टर, निकट जिला चिकित्साधिकारी (सी०एम०ओ०) ऑफिस परिसर, हरदोई में सम्पर्क कर सकते है।

# मल्लावां पुलिस पर प्रताड़ित कर डेढ़ लाख रुपए ठगने का आरोप





मल्लावां ध्हरदोई(एजेंसी) ।होमगार्ड व उनके परिजनों को हत्या के मामले में फंसाने की धमकी देकर पुलिस ने डेढ़ लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की है।

कस्बे के मोहल्ला गंगारामपुर निवासी धर्मेन्द्र कुमार पुत्र राजाराम ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि वह होमगार्ड पद पर कार्यरत है। वर्तमान समय में वह कोतवाली देहात में ड्यूटी कर रहा है। बीती 9 जून को एक बाइक दुर्घटना हुई जिसमें मो. गंगारामपुर निवासी कमर अली गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई थी । कमर अली के परिजन दुर्घटना के स्थान पर हत्या का झूठा आरोप लगा रहे थे। बताया कि वह 14 जून को चुंगी नंबर दो पर खड़ा था। जहां से पुलिस उसे पकड़कर कोतवाली ले गई। कोतवाली ले जाकर पुलिस उससे डेढ़ लाख रुपये की मांग करने लगी। रूपये न देने पर धमकी देने लगे कि हत्या के मुकदमे में तुम्हारे साथ भाई व पुत्र को जेल भेज देंगे। इसके बाद चार दिन तक कोतवाली में बंद रखा। इस दौरान धीरेन्द्र प्रताप मुंशी ने रोज प्रताड़ित किया,जिससे वह भयभीत हो गया और उसने परिजनों से डेढ़ लाख रुपये का इंतजाम कराकर रुपये प्रभारी निरीक्षक को दिए । प्रार्थी व उसका पुत्र निर्दोष है। उससे जबरदस्ती जेल भेजने का डर दिखाकर वसूले गए रुपये वापस कराकर मामले की जांच कराकर दोषी लोगो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

# जल सत्याग्रह कर रहे भाकियमू कार्यकर्ताओं को पुलिस ने खदेड़ा



हरपालपुरध्हरदोई(एजेंसी) ।भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी गुट के जिला अध्यक्ष प्रमोद सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर जल सत्याग्रह किया जा रहा था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड कर चार लोगों को हिरासत में ले लिया है। करीब 2 घंटे बाद पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है।भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी गुट के जिला अध्यक्ष प्रमोद सिंह यादव ने बताया क्षेत्र में अवैध रूप से हो रहे मिट्टी खनन, बेहथर गांव के पास निर्माणाधीन पुलिया, क्षेत्र में बंद पड़े राजकीय नलकूप तथा हरपालपुर कस्बे में एक साल से बंद पड़ी पानी की टंकी की समस्या को लेकर गुरुवार को बेडीजोर रामगंगा नदी के पुल पर धरना प्रदर्शन व जल सत्याग्रह किया जा रहा था। मौके पर पहुंचे एसडीएम सवायजपुर डॉक्टर अरुणिमा श्रीवास्तव, थाना अध्यक्ष अरवल सोमपाल गंगवार ने हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को खदेड दिया तथा जिला अध्यक्ष प्रमोद सिंह, तहसील सदर अध्यक्ष श्रवण कुमार, सौरव यादव, अनुराग कुमार को हिरासत में ले लिया। करीब 2 घंटे की हिरासत के बाद हिदायत देकर छोड़ दिया गया है। अरवल थाना अध्यक्ष सोमपाल गंगवार ने बताया बिना अनुमति के धरना प्रदर्शन कर रहे थे। हिदायत देकर धरना समाप्त कर दिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी समेत हरपालपुरसाण्डी,लोनार सहित कई थानों का पुलिस पर बल मौजूद रहा ।भाकियमू दशहरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव ने कहा किसानों की आवाज को प्रशासन जबरन दबाना चाह रहा है। यदि किसानों से जुड़ी समस्याओं का अविलंब निस्तारण न किया गया तो शीघ्र ही बड़ी तादात में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट में आंदोलन करेंगे तथा प्रशासन के साथ आर पार की लड़ाई होगी।

# शाहाबाद पुलिस टीम द्वारा चोरी व लूट की घटना में संलिप्त एक शातिर अपराधी को मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार

सुल्तानपुर(एजेंसी)। कलेक्ट्रेट परिसर में एक समुदाय विशेष को लेकर विवादित नारेबाजी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जिसमें जिला प्रशासन की लचरशीलता को लेकर लोगों में गुस्सा है। इस क्रम में गुरुवार को सपा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद व पूर्व विधायक सफदर रजा खां व सपा के विधानसभा अध्यक्ष गुफरान सैफी ने सिटी मजिस्ट्रेट को मांग पत्र सौंपा है।

ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि बीते दिनों बजरंग दल द्वारा किसी मुद्दे को लेकर विरोध में नारेबाजी की गई है। लोकतंत्र में किसी विषय पर विरोध करना संवैधानिक अधिकार है। लेकिन बजरंग दल के विरोध प्रदर्शन का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक विशेष धर्म के खिलाफ अमर्यादित नारेबाजी की जा रही है। जो आपराधिक कृत्य है। ज्ञापन में कहा गया है कि डीएम ऑफिस में ऐसी नारेबाजी का स्वतः संज्ञान लेकर विधिक कार्रवाई की जाए। सभी ने भावनाएं आहत होने का आरोप डीएम को संबोधित ज्ञापन में लगाया है। पूर्व में शहर कांग्रेस की ओर से मामले का विरोध किया गया लेकिन प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की है। इस मामले पर सपा के विधानसभा अध्यक्ष गुफरान सैफी ने कहा कि हम लोग उम्मीद कर रहे थे पहले भी ज्ञापन दिया गया है तो अबतक कोई न कोई कार्रवाई होगी। पर जमीन पर कोई कार्रवाई होती दिख नहीं रही है। उन्होंने ये भी कहा जिस तरीके से इस प्रांगण के अंदर जिलाधिकारी की उपस्थिति में ऐसे नारे लगाए गए जो एक कौम के खिलाफ है, ये बहुत ही निंदनीय है। जिस केस में वो आए थे उसमें कार्रवाई हो रही थी फिर पूरी कौम को क्यों टारगेट कर रहे हैं। हमने मांग किया है कि जिन लोगों ने ऐसे नारे लगाकर यहां के माहौल को खराब करने की कोशिश की है ऐसे लोगों पर कार्रवाई हो जिससे की दूसरे लोगों के लिए यह सबक बने। 'कलेक्ट्रेट में लगे थे अल्पसंख्यकों के खिलाफ नारे'

वही सपा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद ने कहा इसी कलेक्ट्रेट में अल्पसंख्कों के खिलाफ नारे लगाए गए। यह असंवैधानिक है। हमने मांग किया है जिन्होंने यह असंवैधानिक कार्य किया है उन पर कार्रवाई की जाए।

# आप सांसद व सपा प्रवक्ता समेत 6 को हुई है सजा, कोर्ट 11 जुलाई को करेगी सुनवाई

सुल्तानपुर(एजेंसी)। लगभग तेईस वर्ष पूर्व एक मामले में आप सांसद संजय सिंह सपा के पूर्व विधायक व वर्तमान में सपा प्रवक्ता अनूप संडा सहित 6 को डेढ़ माह कैद व 1500–1500 रूपये की सजा विशेष मजिस्ट्रेट ने सुनाई थी। विद्युत आपूर्ति समस्या पर धरना व मार्ग जाम करने के इस मामले में हुई सजा के विरुद्ध अपील की गई थी। स्पेशल जज एकता वर्मा की कोर्ट में गुरुवार को बहस पूरी हो गई। इसमें निर्णय के लिए 11 जुलाई की तिथि नियत की गई है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडे ने बताया कि 19 जून 2001 को विद्युत बदहाली के विरोध में पूर्व विधायक अनूप संडा के नेतृत्व में शहर की सब्जी मंडी के निकट फ्लाई ओवर के पास धरना प्रदर्शन हुआ था। जिसमें आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह, पूर्व सभासद कमल श्रीवास्तव विजय कुमार संतोष व सुभाष चौधरी भी शामिल थे। इनके विरुद्ध कोतवाली नगर में एफआईआर लिखाई गई थी। तत्कालीन विशेष मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने 11 जनवरी 23 को सभी 6 आरोपितों को दोषी ठहराकर सजा सुनाई थी।

# नकल विहीन परीक्षा कराने पर लगा प्रश्न चिन्ह, प्रबंधतंत्र ने निजी व्यक्तिको दिया चार्ज

सुल्तानपुर(एजेंसी)। विद्यालय प्रबंधक द्वारा जबरन केंद्र व्यवस्थापक को बदलकर शासन की मंशा अनुरूप नकल विहीन परीक्षा कराने व फर्जीवाड़ा को धता बताने के लिए दूसरे केंद्राध्यक्ष की नियुक्ति किए जाने का मामला सामने आया है। मामला करौंदीकला ब्लॉक के सरजू देवी महाविद्यालय पहाड़पुर का है। प्रधानाचार्य डा विभा पांडे ने डीएम को एक शिकायती पत्र देकर विद्यालय के प्रबंधतंत्र पर आरोप लगाया है

जिलाधिकारी को दिए गए पत्र में विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ विभा पांडे ने अवगत कराया है विद्यालय के प्रबंधक उनके पति और बेटे ने विश्वविद्यालय के मिलीभगत से विद्यालय की प्रधानाचार्य को षड्यंत्र करके केन्द्राध्यक्ष पद से हटवा दिया। विश्वविद्यालय द्वारा नामित केन्द्राध्यक्ष डॉ अरुण कुमार सिंह के स्थान पर प्रबंधक ने सुनियोजित ढंग से अपने निजी व्यक्ति अजय कुमार यादव का मोबाइल नंबर विश्वविद्यालय को दे दिया। इतना ही नहीं अजय यादव इस महाविद्यालय में किसी पद पर विश्वविद्यालय द्वारा नामित नहीं है। अजय यादव महाविद्यालय में डा अरुण कुमार सिंह बनकर केन्द्राध्यक्ष का काम कर रहा है। शिकायती पत्र में प्रधानाचार्य डॉ विभा पांडे ने आरोप लगाया है कि विद्यालय के प्रबंधतंत्र द्वारा उन्हें जबरन केंद्राध्यक्ष पद से हटाया गया और विगत कई माह से उनका वेतन भी नहीं दिया जा रहा है।

# एसएमई, एमएसएमई को आगे बढ़ने में मदद कर रहा है फोनपे का भुगतान समाधान




नई दिल्ली ,27 जून । विश्व एमएसएमई दिवस हर साल 27 जून को मनाया जाता है। इस मौके पर फोनपे पेमेंट गेटवे (पीजी) ने गुरुवार को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ को सहारा देने के लिए गहरी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। फोनपे पेमेंट गेटवे ने शेयर किया कि वह पहले से ही टियर 2 शहरों और उससे आगे आध ो से अधिक एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) के साथ पीजी समाधान सक्षम करने के लिए काम कर रहा है। मुख्य फोकस रीजनल बिजनेस को सशक्त बनाने पर है। इससे समावेशी विकास को बल मिलेगा और व्यवसायों को तेजी से विस्तार करने में मदद मिलेगी।ज्यादातर पेमेंट गेटवे 2 प्रतिशत का लेनदेन शुल्क लेते हैं। वहीं फोनपे पीजी के पास नए व्यापारियों के लिए फ्री में शामिल होने के लिए एक विशेष प्रस्ताव है। इस प्रस्ताव में कोई छिपा हुआ शुल्क, सेटअप शुल्क या सालाना रखरखाव शुल्क नहीं है। इसके अलावा, फोनपे पीजी भरोसेमंद है। यह व्यापारियों के लिए 100 प्रतिशत अपटाइम सुनिश्चित करता है। यह सक्रिय रूप से डाउनटाइम का पता लगाता है और रियल टाइम में लेनदेन को सुनिश्चित करता है। फोनपे पेमेंट गेटवे और ऑनलाइन मर्चेंट्स के प्रमुख अंकित गौर ने कहा, इस विश्व एमएसएमई दिवस पर, फोनपे पीजी पूरे भारत में एमएसएमई और एसएमई को सशक्त बनाने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराता है। हम टियर 2, टियर 3 शहरों और उससे आगे के व्यवसायों के सामने आने वाली चुनौतियों को समझते हैं। बिना बाधा के पेमेंट समाध ाान कर और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देकर हम उन्हें नए ग्राहकों और बाजारों तक पहुंचने में सक्षम बना रहे हैं, जो पहले पहुंच से बाहर थे।उन्होंने आगे कहा, हमारे पास ऑनबोर्डिंग के बाद से पहले तीन महीनों के लिए शून्य लेनदेन लागत की एक यूनिक पेशकश है। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अधिक से अधिक एसएमईध्एमएसएमई भुगतान गेटवे की ओर से दी जाने वाली सुविधा और सुरक्षा को अपना सकें और उसका उपयोग कर सकें। फोनपे पीजी के लिए प्रतिबद्धता पूरे देश में व्यवसायों के लिए विकास क्षमता को अनलॉक करना और अध िक जीवंत राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान देना है। फोनपे पीजी को व्यापारी भी पसंद करते हैं। यह 100 प्रतिशत सुरक्षित लेनदेन सुनिश्चित करता है। एमएसएमई पेमेंट लिंक समाधान का उपयोग कर आसानी से लिंक के माध्यम से पेमेंट कलेक्ट कर सकते हैं, जिन्हें ग्राहकों के साथ जनरेट और शेयर किया जा सकता है।

वे आसानी से पेमेंट प्राप्त करने के लिए अपने ग्राहकों को व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, एसएमएस, ईमेल या उनकी पसंद के किसी अन्य प्लेटफॉर्म के माध यम से पेमेंट (भुगतान) लिंक भेज सकते हैं। एसएमई के लिए कनेक्ट सेशन फोनपे की ओर से एक मल्टी–सिटी पहल का हिस्सा है, जिसे उभरते शहरों में आयोजित करने की योजना है। वे एसएमई के वरिष्ठ नेतृत्व और प्रमुख निर्णयकर्ताओं को अपनी ऑनलाइन मौजदूगी को अनुकूलित करने और अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए तकनीकी इनोवेशन का लाभ उठाने के लिए एक प्लेटफार्म देते हैं।

फोनपे पीजी ने हाल ही में अपने रेफरल प्रोग्राम की शुरुआत की भी घोषणा की है। फोनपे पीजी पार्टनर प्रोग्राम उन सभी लोगों के लिए डिजाइन किया गया है जो किसी व्यवसाय को ऑनलाइन बढ़ाने में मदद करते हैं। एक रेफरल पार्टनर के रूप में, वे अपने ग्राहकों से ऑनलाइन पेमेंट लेने और व्यवसाय के विकास में तेजी लाने के लिए अपने ग्राहकों को रेफर कर सकते हैं।

# भारत में 10 में से 8 एमएसएमई बना रहे 2025 में क्लाउड पर खर्च बढ़ाने की योजना




नई दिल्ली ,27 जून । भारत में हर 10 में से 8 या 81 प्रतिशत सूक्ष्म, लघु और मध्यम इकाइयां (एमएसएमई) 2025 में अपना क्लाउड पर खर्च में इजाफा कर सकती है। इसकी वजह एमएसएमई द्वारा कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट (सीआरएम), फाइनेंसियल सर्विसेज और बिजनेस इंटेलिजेंस सॉफ्टवेयर में निवेश करना है। गुरुवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनी जोहो की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया कि डिजिटलाइजेशन में एमएसएमई को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसमें सॉफ्टवेयर की अधिक लागत, बजट की कमी, एकीकरण और स्किल की कमी शामिल है।देश के विकास में एमएसएमई सेक्टर एक बड़ी भूमिका निभाता है। आने वाले समय में इनकी संख्या 6.3 करोड़ से बढ़कर 7.5 करोड़ पर पहुंचने की उम्मीद है। जोहो के वाइस प्रेसिडेंट मार्केटिंग और कस्टमर एक्सपीरियंस प्रवल सिंह का कहना है कि इस एमएसएमई दिवस पर हम इन इकाइयों की देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का जश्न मनाते हैं।उन्होंने आगे कहा कि एमएसएमई के सामने सबसे बड़ी मुश्किल कारोबार बड़ा करने के लिए सही सॉल्यूशन न होना है।रिपोर्ट में बताया गया कि 73 प्रतिशत एमएसएमई इकाइयां आने वाले 6 महीने में अपने विकास को लेकर आशावादी हैं। एमएसएमई बड़े स्तर पर कारोबार में तीन चुनौतियों का सामना कर रही हैं, जिसमें आर्थिक अनिश्चितता (54 प्रतिशत), महंगाई (44 प्रतिशत) और स्किल लेबर की कमी (33 प्रतिशत) हैं।

एमएसएमई का फोकस डिजिटल अनुभव को मजबूत बनाने को लेकर है। अपनी वृद्धि दर को बढ़ाने के लिए वे आईटी और क्लाउड सॉल्यूशन पर निवेश कर रहे हैं। रिपोर्ट में जानकारी मिली है कि 97 प्रतिशत एमएसएमई का कहना है कि वे अपनी आय 20 प्रतिशत हिस्सा आईटी और क्लाउड सर्विसेज पर खर्च करेंगे।

# सपाट खुला शेयर बाजार, निफ्टी 23,800 के ऊपर



मुंबई ,27 जून । भारतीय शेयर बाजार की गुरुवार को सपाट शुरुआत हुई है। बाजार के ज्यादातर सूचकांक एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहे हैं।सुबह 9 .20 बजे तक सेंसेक्स 99 अंक फिसलकर 78,575 और निफ्टी 35 अंक गिरकर 23,834 पर था। बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। एनएसई पर 1,278 शेयर हरे निशान में, जबकि 792 शेयर लाल निशान में हैं। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में तेजी है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 183 अंक या 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ 55,429 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 35 अंक या 0.20 प्रतिशत की तेजी के 18,334 पर है।सेक्टर के हिसाब से देखें तो फार्मा, रियल्टी और मेटल इंडेक्स में तेजी है। आईटी, फिन सर्विस, एफएमसीजी और पीएसयू बैंक इंडेक्स पर दबाव बना हुआ है। सेंसेक्स पैक में अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस टॉप गेनर्स हैं।एमएंडएम, टेक महिंद्रा, एलएंडटी, एचसीएल टेक और विप्रो टॉप लूजर्स हैं। एसएएस ऑनलाइन के सीईओ और फाउंडर श्रेय जैन का कहना है कि इस महीने के मध्य में रेंज बाउड रहने के बाद निफ्टी ने एक ब्रेकआउट दिया है। आज एक्सपायरी होने के कारण निफ्टी 24,000 को छू सकता है, क्योंकि यहां सबसे ज्यादा कॉल साइड का ओपन इंटरेस्ट है।

# गुकेश ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज में डेक बोगडान-डेनिएलिन को हराया



इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चौंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने को तैयार गुकेश को इस मुकाबले के दौरान किस्मत का भी साथ मिला, जब उनकी गलती पर रोमानिया का खिलाड़ी फायदा उठाने में नाकाम रहा। गुकेश ने इसके बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की।बुखारेस्ट। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में रोमानिया के डेक बोगडान–डैनियल को हराकर सकारात्मक शुरुआत की। इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चौंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने को तैयार गुकेश को इस मुकाबले के दौरान किस्मत का भी साथ मिला, जब उनकी गलती पर रोमानिया का खिलाड़ी फायदा उठाने में नाकाम रहा। गुकेश ने इसके बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने के बाद पहली बार क्लासिकल शतरंज की किसी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इस टूर्नामेंट में चुनौती पेश कर रहे एक अन्य भारतीय आर प्रज्ञाननंदा ने कड़ी मेहनत की लेकिन उन्हें उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। अमेरिका के फैबियानो कारूआना भी शुरुआती दौर में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। उन्होंने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। दस खिलाड़ियों के राउंड–रोबिन टूर्नामेंट में अन्य दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। बोगडान–डैनियल ने 'निम्जो इंडियन डिफेंस' चाल के शुरुआत की जिसने मुकाबला बीच में जटिल बना दिया। रोमानिया के खिलाड़ी के पास गुकेश पर बढ़त बनाने का मौका था लेकिन उन्होंने प्यादा के मुकाबले अपने 'रूक (हाथी)' को गंवा दिया। गुकेश इसके बाद मजबूत वापसी करने में सफल रहे। उन्होंने विरोधी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं देते हुए जीत दर्ज की। काले मोहरों से खेल रहे प्रज्ञानानंदा को अब्दुसात्तोरोव से कड़ी चुनौती मिली। दोनों खिलाड़ी 60 चालों के बाद बराबरी पर सहमत हो गये।

# गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदर पाल सिंह राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चौंपियनशिप से हटे




गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदर पाल सिंह तूर ने टखने में दर्द के कारण राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेकिटिक्स चौंपियनशिप से बाहर होने का फैसला किया है। गुरुवार से पंचकुला में शुरू हो रही ये प्रतियोगिता आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अंतिम मौका है।

भारत के गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदर पाल सिंह तूर ने टखने में दर्द के कारण राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेकिटिक्स चौंपियनशिप से बाहर होने का फैसला किया है। गुरुवार से पंचकुला में शुरू हो रही ये प्रतियोगिता आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अंतिम मौका है। कुछ दिन पहले तक एशियाई रिकॉर्ड धारक तूर वर्ल्ड रैंकिंग कोटा के जरिए पेरिस खेलों के लिए क्वालिफाई करने की राह पर थे। वह गत एशियाई चौंपियन और एशियाई खेलों के गोल्ड पदक विजेता हैं। हालांकि, अब उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया है। तूर ने पीटीआई को बताया कि अभी उनके टखने में थोड़ा दर्द है जिसकी वजह से डॉक्टर ने सिंह को तीन से चार हफ्तों तक थ्रो नहीं करने की सलाह दी है। भारत के 29 साल के तूर के नाम कुछ समय पहले तक 21.77 मीटर का एशियाई रिकॉर्ड था। सऊदी अरब के मोहम्मद दाओबा तोलो ने 21 जून को मैड्रिड में एस्टाडियो वालेहार्मोसो प्रतियोगिता में 21. 80 मीटर के प्रयास के साथ उनके रिकॉर्ड को तोड़ा। ये देखना होगा कि भारतीय एथलेटिक्स महासंघ तूर की नवीनतम समस्या से कैसे निपटता है क्योंकि अधिकारी अभी तक इस बारे में कुछ नहीं कह रहे हैं। पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा दो अगस्त को शुरू होगी और फाइनल तीन अगस्त को होगा। पिछले महीने एएफआई के अध्यक्ष आदिले सुमारिवाला ने स्पष्ट किया था कि ओलंपिक चौंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को छोड़कर अन्य सभी खिलाड़ियों के लिए पेरिस ओलंपिक में चयन के लिए राष्ट्रीय अंतर–राज्यीय चौंपियनशिप में भाग लेना अनिवार्य होगा।

# एसबीआई ने इंफ्रास्ट्रक्चर बान्ड के माध्यम से 10 हजार करोड़ जुटाए

मुंबई ,27 जून । देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 15 सालों के इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड के जरिए 10 हजार करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह राशि 7.36 प्रतिशत की कूपन रेट पर जुटाई है।

एसबीआई ने कहा कि बॉन्ड के माध्यम से मिलने वाली राशि का उपयोग राजमार्गों, पावर प्लांट, बुनियादी ढांचे और किफायती आवास क्षेत्रों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा। इसके अलावा लॉन्ग टर्म संसाधनों को बढ़ाने के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जाएगा।

एसबीआई ने कहा कि इस निर्गम को निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और यह पांच हजार करोड़ रुपये के आधार निर्गम आकार के मुकाबले लगभग चार गुना ज्यादा अभिदान मिला।

एसबीआई के चेयरमैन दिनेश खारा ने कहा कि इस निर्गम से लॉन्ग टर्म बॉन्ड कर्व विकसित करने में मदद मिलेगी और अन्य बैंकों को भी लंबी अवधि के बॉन्ड जारी करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड से प्राप्त इनकम को स्टैचटोरी लिक्विडिटी रेश्यो (एसएलआर) और कैश रिजर्व रेश्यो (सीआरआर) जैसी रेग्युलेटरी रिजर्व रिक्वायरमेंट्स से छूट दी गई है। पूरी राशि को ऋण देने के कामों में लगाया जा सकता है।

00

# 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में लगी 11,000 करोड़ रुपये की बोली, भारती एयरटेल सबसे आगे




नई दिल्ली ,27 जून । 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में 11,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की बोली लगी। इसमें भारती एयरटेल सबसे बड़ी कंपनी के रूप में उभरी है। सरकार की ओर से किए जा रहे 96,000 करोड़ रुपये के स्पेक्ट्रम की नीलामी में सबसे ज्यादा मांग 900 मेगाहर्ट्ज और 1800 मेगाहर्ट्ज के स्पेक्ट्रम की रही।

टेलीकॉम एनालिस्ट पराग कर के मुताबिक 900 मेगाहर्ट्ज के स्पेक्ट्रम के लिए 6,985 करोड़ रुपये की बोली लगी है और वहीं 1800 मेगाहर्ट्ज के लिए 3,579 करोड़ रुपये की बोली लगी है। पराग कर ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि 2,100 मेगाहर्ट्ज में भारती एयरटेल द्वारा 545 करोड़ रुपये की एकमात्र बोली लगाई गई है। वहीं, वोडाफोन आइडिया (वीआई) 2500 मेगाहर्ट्ज में बोली लगाने वाली एकमात्र कंपनी थी। टेलीकॉम डिपार्टमेंट द्वारा इस नीलामी में 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1,800 मेगाहर्ट्ज, 2,100 मेगाहर्ट्ज, 2,300 मेगाहर्ट्ज, 2,500 मेगाहर्ट्ज, 3,300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज के बैंड नीलामी के लिए रखे गए थे।

इस नीलामी प्रक्रिया में भारती एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और रिलायंस जियो ने भाग लिया। एनालिस्ट का कहना है कि स्पेक्ट्रम की ये नीलामी देश में 5जी कवरेज को तेजी से बढ़ाने में मदद करेगी। इससे सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। एरिक्सन मोबिलिटी रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 5जी यूजर्स की संख्या 2029 के अंत तक 84 करोड़ के करीब पहुंच सकती है, जो कि कुल मोबाइल सब्सक्राइबर की संख्या का 65 प्रतिशत होगा। इससे पहले 2022 में 1.5 लाख करोड़ रुपये के स्पेक्ट्रम की नीलामी हुई थी।

# भारत की डेटा सेंटर क्षमता में 5 गुना का हो सकता है इजाफा : रिपोर्ट



नई दिल्ली ,27 जून । डिजिटाइजेशन से डेटा के बढ़ते उपयोग के कारण भारत के डेटा सेंटर की क्षमता में आने वाले साल में 5 गुना का इजाफा हो सकता है। गुरुवार को जारी की गई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि देश को नियोजित 2.32 गीगावाट की डेटा सेंटर क्षमता के अलावा 1.7 से लेकर 3.6 गीगावाट के अतिरिक्त डेटा सेंटर की आवश्यकता है। कुशमैन और वेकफील्ड की रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि भारत 2028 तक प्रति वर्ष 464 मेगावाट की कोलोकेशन डेटा सेंटर क्षमता जोड़ेगा।2023 की दूसरी छमाही तक देश के शीर्ष सात शहरों में कोलोकेशन डेटा सेंटर क्षमता 977 मेगावाट थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि 258 मेगावाट की कोलोकेशन डेटा सेंटर क्षमता अकेले 2023 में ही बनाई गई। वहीं, 2022 में कुल 126 मेगावाट की डेटा सेंटर क्षमता जोड़ी गई थी। ऐसे में पिछले वर्ष के मुकाबले नई डेटा सेंटर बनाने की रफ्तार में 105 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। डेटा सेंटर क्षमता के तेजी से बढ़ने की वजह डेटा आधारित टेक्नोलॉजी का उपयोग, डिजिटलीकरण का तेजी से बढ़ना और बड़े स्तर पर डेटा की खपत को माना जा रहा है। भारत में डेटा की खपत में पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़त हुई है। एक आम भारतीय मोबाइल फोन औसत 19 जीबी से ज्यादा की डेटा खपत करता है। यह पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा है।रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में कोलोकेशन डेटा सेंटर्स और क्लाउड फर्म की ओर से चलाए जाने वाले डेटा सेंटर दोनों में बढ़ोतरी हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में ये तेजी से बढ़े हैं। अगले पांच वर्षों में भारत में स्मार्टफोन, इंटरनेट, ओटीटी सब्सक्रिप्शन और सोशल मीडिया के उपयोग में काफी तेज वृद्धि देखने को मिल सकती है।

# खाते वक्तबंद कर दें अपना फोन, वरना शरीर में आ सकती हैं कई खतरनाक बीमारियां

हर पल साथ रहने वाला फोन ही हमें बीमार बना रहा है. इसकी वजह से कई तरह की समस्याएं हो रही हैं. इतना ही नहीं पेट में भी एक खतरनाक बीमारी फैल रही है. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, आजकल हम अपने गैजेट्स हर जगह लेकर जाते हैं. यहां तक कि बाथरूम में भी इसे नहीं छोड़ते हैं. जिसकी वजह से गैजेट्स पर कई बैक्टीरिया पाए गए हैं, जिनसे बीमारियां फैल सकती हैं.

फोन से हमेशा हीट निकलती है, ऐसे में यह बैक्टीरिया के लिए सबसे सुरक्षित जगह होती है. स्क्रीन पर बैक्टीरिया के अलावा वायरस, फंगी और प्रोटोजोआ भी जम जाते हैं, जिनसे डायरिया, फूड पॉइजनिंग, सांस की बीमारी और स्किन इंफेक्शन का खतरा हो सकता है.

किन–किन लोगों को खतरा

फिटनेस ट्रैक करने के लिए स्मार्ट वॉच पहनने वालों को भी सावध ाान रहना चाहिए. इसके बैंड और स्क्रीन पर भी कई तरह के खतरनाक बैक्टीरिया पो जाते हैं, जो स्किन इंफेक्शन, टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम, ब्लड, लंग्स में निमोनिया या अन्य अंगों में इंफेक्शन और दस्त की वजह बन सकते हैं. ऐसे लोग जिनकी इम्यूनिटी कमजोर है, उन्हें सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है. कई–कई घंटों तक ईयरफोन या ईयरपॉड पहने रहने से कान का तापमान और नमी बढ़ जाती है, जिससे संक्रमण का रिस्क रहता है. फूड इंफेक्शन होने का डर स्मार्टफोन की सतह पर स्टैफिलोकोकस ऑरियस नाम का जीवाणु मिलता है. इसे स्टैफ भी कहा जाता है, जो स्किन इंफेक्शन को बढ़ा सकता है. इस बैक्टीरिया के संपर्क में आने से फूड पॉइजनिंग का खतरा भी रहता है, इसलिए खाने के समय गैजेट्स का इस्तेमाल बिल्कुल भी न करें, क्योंकि गैजेट्स के जरिए बैक्टीरिया हाथ, चेहरे और मुंह तक आसानी से पहुंच सकता है. पेट और यूटीआई के लिए जोखिम भरा फोन या गैजेट्स पर एस्चेरिचिया कोलाई या ई–कोलाई नाम के बैक्टीरिया भी पाए जाते हैं, जो गंभीर संक्रमण पैदा कर सकते हैं. इसकी वजह से गंभीर दस्त, यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन और किडनी की बीमारी हो सकती है. स्ट्रेप्टोकोकस पायोजेन्स बैक्टीरिया गले और स्किन इंफेक्शन को बढ़ा सकता है.` फोन की सतहों पर लंबे समय तक जिंदा रहते हैं. इससे इनके फैलने का खतरा भी ज्यादा होता है. फोन पर स्यूडोमोनस ऐरुगिनोसा बैक्टीरिया भी पाया जाता है, जो सांस में इंफेक्शन, यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन और ब्लड इंफेक्शन का कारण बन सकता है. फोन को लेकर क्या सावधानी बरतें एक रिसर्च के मुताबिक, 26 मोबाइल फोन पर 11,163 माइक्रो जीव पाए गए हैं, जो खतरनाक तरह की बीमारियों का कारण बन सकते हैं. इससे बचने के लिए कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए. गैजेट की स्क्रीन और बैक कवर को माइक्रोफाइबर कपड़े या अल्कोहल वाइप्स से रोजाना सही तरह से साफ करें. बाथरूम या गंदी जगहों पर फोन का इस्तेमाल न करें.शरीर की साफ–सफाई का ध्यान दें. मोबाइल इस्तेमाल करने के बाद फेस, नाक, आंख या मुंह छूने से बचें. अपना फोन किसी के साथ शेयर न करें. ईयरफोन का यूज 1 घंटे से ज्यादा समय तक लगातार न करें.






## अनीता राज ने धर्मेन्द्र की चमक वापस दिलाई थी

अस्सी के दशक में जब धर्मेंद्र लगातार फ्लॉफ फिल्म दे रहे थे, जब कॉमेडी फिल्म (नौकर बीवी का) ने उनकी डूबती नईया को पार लगाया था। इस फिल्म के जरिए धर्मेंद्र ने फिर से अपनी चमक वापस पाई थी। उनके करियर के लिए अनिता काफी लकी साबित हुई थीं। 'नौकर बीवी का' फिल्म के गाने भी काफी सुपरहिट हुए थे और कहानी भी दर्शकों को काफी पसंद आई थी। कहा जाता है कि यह वही फिल्म थी जब धर्मेंद्र का नाम न्यू कमर एक्ट्रेस अनीता राज संग जोड़ा गया था। शादीशुदा होते हुए धर्मेंद्र अनिता को डेट करने लगे थे। इसके साथ ही वह डायरेक्टर्स से उनके लिए सिफारिश भी करने लगे थे। आईएमबीडी ट्रिविया के अनुसार, नौकर बीवी का धर्मेंद्र और अनीता राज की साथ में पहली फिल्म थी। फिल्म की बात करें तो, इस फिल्म में दो लीड हीरोइन थी। फिल्म में रीना रॉय को कम टाइम स्पेस मिला था। वहीं नई नवेली होते हुए अनिता राज को रीना से ज्यादा स्क्रीन स्पेस मिला था। फिल्म जब रिलीज हुई तो रीना से कहीं ज्यादा लोगों ने अनिता को पसंद किया। कुल मिलाकर फिल्म में रीना रॉय पर अनिता भारी पड़ी थीं। डायरेक्टर राजकुमार कोहली संग रीना रॉय की दूसरी फिल्म थी। इससे पहले रीना ने फिल्म कोहली की ब्लॉकबस्टर फिल्म नागिन में काम किया था। नौकर बीवी का रीना रॉय के करियर के आखिरी फिल्म थी। इस फिल्म के बाद रीना ने शादी कर फिल्में करना छोड़ दी थीं। **(हिफी)**

## दयाबेन जब ऐश्वर्या के कंधे पर सिर रखकर रोयीं



दिशा वकानी को दर्शक उन्हें 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में दयाबेन के किरदार से जानते हैं। मगर उन्होंने फिल्म में भी काम किया है। वे साल 2008 में आई फिल्म 'जोधा अकबर' में ऐश्वर्या राय के साथ नजर आई थीं। फिल्म में दिशा वकानी ने रानी जोधा बनी ऐश्वर्या की साथी माधवी का रोल निभाया था। कहानी के मुताबिक, जोधा (ऐश्वर्या राय) को शादी के बाद अकबर (ऋतिक रोशन) के साथ उनके महल जाना था। फिल्म के शूट की एक फिल्म तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें दिशा वकानी को ऐश्वर्या राय के कंधे पर सिर रखकर रोते देखा जा सकता है। दोनों लाल रंग की ड्रेडिशनल ड्रेस पहने नजर आ रहे हैं। बता दें कि 'जोधा अकबर' एक रोमांटिक ड्रामा थी जो मुगल सम्राट अकबर और उनकी पत्नी जोधा की प्रेम कहानी के बारे में बात करती है। लोग दिशा की फोटो पर खूब कमेंट कर रहे हैं। दर्शक आज भी 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में उनकी वापसी की आस लगाए हुए हैं। असित मोदी ने अगस्त 2023 में ई–टाइम्स को दिए इंटरव्यू में कहा था, 'शो के दर्शक बड़े संयम से अपनी फेवरेट दयाबेन के शो में लौटने का इंतजार कर रहे हैं। रोल के लिए किसी का चुनाव करना आसान नहीं है और किसी भी एकट्रेस के लिए दिशा का रोल निभाना एक चौलेंज होगा। हमें इस भूमिका के लिए एक शानदार कलाकार की जरूरत है।'

एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में जब असित मोदी से पूछा गया कि क्या वह दयाबेन की वापसी से जुड़े सवालों का जवाब देते–देते थक गए हैं, तो उन्होंने हामी भरी थी, लेकिन यह भी साझा किया कि उन्हें फैंस को जवाब देना होगा, आखिर वे शो के निर्माता हैं। उन्होंने दिशा वकानी को अपनी 'बहन' बताया और कहा कि अगर वह वापस आने का फैसला करती हैं तो उन्हें सबसे ज्यादा खुशी होगी। असित मोदी ने कहा, 'मुझे जवाब देना होगा। मैं भी लोगों को जवाब देते–देते और अनुरोध करते–करते थक गया हूं कि वे यह सवाल न पूछें। **(हिफी)**

## काली साड़ी पहन एक्ट्रेस श्रिया सरन ने इंटरनेट पर लगाई आग, कातिलाना अदाएं दिखाकर लूटा फैंस का दिल



साउथ की हसीन अदाकारा श्रिया सरन आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं जिसमें वो काफी ज्यादा खूबसूरत नजर आ रही हैं।

बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरत हसीना श्रिया सरन आए दिन अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस के कारण सुर्खियों में बनी रहती हैं।

वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो अक्सर फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनके कातिलाना लुक से फैंस नजरें नहीं हटा पा रहे हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस श्रिया सरन ने ब्लैक कलर की बेहद ही स्टाइलिश साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो काफी ज्यादा स्टनिंग नजर आ रही हैं।

फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस श्रिया सरन ने कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज दिए हैं। इन तस्वीरों में उनकी बेबाकी थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

बालों को खोलकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस श्रिया सरन ने अपने आउटलु को कंप्लीट किया है।

एक्ट्रेस श्रिया सरन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

## सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म ककुड़ा की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, पहला पोस्टर भी आया सामने

हिंदी सिनेमा में हॉरर कॉमेडी मूवीज को काफी पसंद किया जा रहा है। हाल ही में रिलीज हुई मुंज्या बॉक्स ऑफिस पर अपनी कमाई से हर रोज ध ामाल मचा रही है। इस शैली में अब सुपरनैचुरल कॉमेडी ककुड़ा की चर्चाएं हो रही है।मेकर्स ने फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया है, साथ ही रिलीजिंग डेट से भी पर्दा उठाया है।फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा, रितेश देशमुख और साकिब सलीम लीड रोल में हैं।सोशल मीडिया पर मेकर्स ने एक डरावना पोस्टर शेयर किया। इस पोस्टर में रितेश बीच में खड़े हैं और उनके हाथ में एक डिवाइस है। उनके बाएं हाथ पर टैटू है और आंखों में काजल लगा हुआ है। उनके बगल में सोनाक्षी हैं, जो डरी–सहमी नजर आ रही हैं। उन्होंने टॉर्च पकड़ी हुई है।रितेश के दूसरी तरफ साकिब हैं, जो गुंडे की तरह दिख रहे हैं और टॉर्च पकड़े हुए हैं। तीनों के पीछे डरावनी परछाई है, जो उन्हें करीब से देख रही है।मेकर्स ने पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, पुरुषों के हित में जारी। ककुड़ा आ रहा है। 12 जुलाई को घर पर रहें और ठीक 7रू15 बजे दरवाजा खुला रखना ना भूलें। अब मर्द खतरे में है।ककुड़ा की कहानी उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के शापित रतौड़ी गांव के ईद–गिर्द घूमती है। यहां हर घर में दो दरवाजे होते हैं एक सामान्य आकार का और दूसरा उससे छोटा।फिल्म में अजीबोगरीब



अनुष्ठान होते हैं, जिसके तहत हर मंगलवार को शाम 7रू15 बजे हर किसी को अपने घर के छोटे दरवाजे को खुला रखना होता है, जो ऐसा नहीं करता, उस पर ककुड़ा अपना प्रकोप बरसाता है। वह घर के मुखिया को भयंकर सजा देता है।ककुड़ा कौन है और वह गांव के पुरुषों को सजा क्यों देता है, गांव वालों को अभिशाप से कैसे मुक्ति मिलेगी?, यह सब फिल्म रिलीज होने पर पता चलेगा।फिल्म रोंगटे खड़े कर देने वाले पलों के साथ–साथ हंसी–मजाक से भरपूर भी है। इसमें आसिफ खान भी हैं।आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित और रोनी स्क्रूवाला द्वारा निर्मित यह फिल्म 12 जुलाई को जी5 पर रिलीज होगी।



## प्रभास व महेश बाबू के साथ काम करना चाहती हैं राशि खन्ना

साउथ और हिंदी सिनेमा की फेमस एक्ट्रेस राशि खन्ना अपनी सुपरहिट फिल्मों के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने अपनी करियर की शुरुआत जॉन अब्राहम की फिल्म मद्रास कैफे से की थी, जो 2013 में रिलीज हुई। फिल्म में उनके काम को काफी पसंद किया गया। उन्हें इंडस्ट्री में आए एक दशक पूरा हो चुका है।

एक्ट्रेस ने अपनी टॉलीवुड विश लिस्ट के बारे में बात की। उनकी विश लिस्ट में प्रभास और महेश बाबू जैसे स्टार्स के नाम शामिल हैं, जिनके साथ वह काम करना चाहती हैं।

राशि ने कहा, मैं महेश बाबू के साथ काम करना चाहती हूं। मैंने यह कई बार कहा है। मुझे लगता है कि हमारी जोड़ी ऑन स्क्रीन काफी अच्छी लगेगी।

एक्ट्रेस ने कहा कि वह प्रभास के साथ भी काम करना पसंद करेंगी।

उन्होंने कहा, वह बहुत बढ़िया काम कर रहे हैं। मुझे कल्कि 2898 एडी का ट्रेलर बहुत पसंद आया। मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।

फिलहाल, राशि के पास कई फिल्में हैं, इनमें द साबरमती रिपोर्ट और तलाखों में एक शामिल हैं। दोनों फिल्मों में उनकी जोड़ी एक्टर विक्रांत मैसी के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा, उनकी एक तेलुगु फिल्म तेलुसु कड़ा भी पाइपलाइन में है। द साबरमती रिपोर्ट की बात करें, तो यह ड्रामा थ्रिलर फिल्म 2002 में साबरमती एक्सप्रेस पर हुई सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। यह फिल्म 2 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

राशि को पिछली बार सुंदर सी द्वारा निर्देशित कॉमेडी हॉरर फिल्म अरनमनई 4 में देखा गया था। उन्होंने डॉक्टर माया का किरदार निभाया। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया भी लीड रोल में थी। फिल्म में रामचंद्र राजू, संतोष प्रताप, कोवई सरला, योगी बाबू, वीटीवी गणेश और दिल्ली गणेश भी हैं। इसका निर्देशन सुंदर सी ने किया।

राशि ने 2014 में तेलुगु फिल्म ऊहालु गुसागुसलाडे से साउथ इंजस्ट्री में कदम रखा। श्रीनिवास अवसारला द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक ड्रामा में नागा शौर्य भी लीड रोल में थे। इसे एडमंड रोस्टैंड के फ्रेंच प्ले साइरानो डे बर्गैरक से रूपांतरित किया गया है। उनकी एक्टिंग को लोगों ने काफी पसंद किया।

## कार्तिक आर्यन की चंदू चौंपियन की कमाई में मामूली बढ़त

कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म चंदू चौंपियन में कार्तिक आर्यन की उम्दा अदाकारी की चारों ओर खूब तारीफ हो रही है। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कमाई के आंकड़े निराशाजनक हैं।14 जून को रिलीज हुई यह फिल्म टिकट खिड़की पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी।पिछले कुछ दिनों से चंदू चौंपियन की कमाई में उतार–चढ़ाव देखने को मिल रही है, लेकिन 12वें दिन फिल्म के कारोबार में मामूली उछाल आया है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, जहां चंदू चौंपियन ने 11वें दिन 1.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, वहीं अपनी रिलीज के 12वें दिन यह फिल्म 2 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।

सिन्धु टाइम्स (हिन्दी दैनिक), स्वामी,प्रकाशक/मुद्रक–इमरान हसन सिद्दीकी द्वारा सीता ऑफसेट, 75 पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ। से मुद्रित कराकर 126/21/1, बी0एन0रोड, निकट इस्लामिया कालेज, लालबाग लखनऊ (उ0प्र0)–226021 से प्रकाशित। सम्पादक इमरान हसन सिद्दीकी R.N.I.NO.UPHIN/2010/39063,MOB.-9935403111, E-Mail:sindhutimes99@gmail.com फोन– 0522–4029211 (नोट–किसी भी वाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)